हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- तत्काल के बाद अब सामान्य टिकट बुकिंग के नियम में भी बदलाव, रेलवे ने लागू की नई व्यवस्था
- जिस स्टेशन पर जिस ट्रेन का जितना सामान्य कोटा है उसमें 25 प्रतिशत अधिक ही वेटिंग लिस्ट जारी होंगे
- जिन ट्रेनों में पहले वेटिंग 100 पार जाती थी, अब घटकर 30-40 के भीतर रह गई
- रायपुर से गुजरने वाली अब किसी भी ट्रेन में वेटिंग 50 से अधिक नहीं

## ट्रेनों में भीड़ पर लगाम, सिर्फ़ 25 प्रतिशत तक ही वेटिंग टिकट, फिर दिखेगा 'नो रूम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

ट्रेन में अब सीट से ज्यादा यात्री यात्रा नहीं कर सकेंगे। रेलवे ने स्लीपर से लेकर एसी श्रेणी तक सभी कोच में वेटिंग टिकट की सीमा तय कर दी है। नई व्यवस्था के तहत अब जिस स्टेशन पर जिस ट्रेन का जितना सामान्य कोटा है उसमें 25 प्रतिशत अधिक ही वेटिंग लिस्ट जारी होंगे। पहले ट्रेनों में 100 से अधिक वेटिंग टिकट जारी हो जाते थे, जिससे कई बार बिना कन्फर्म टिकट वाले यात्री भी सफर करते थे और यात्रियों को असुविधा होती थी। रेलवे ने पहले ही ऐसे यात्रियों पर अंकुश लगाने की कोशिश की थी, अब तकनीकी रूप से भी व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अगर 25 प्रतिशत वेटिंग टिकट की सीमा पूरी हो जाती है, तो वेबसाइट पर 'नो रूम' दिखेगा और ▶▶शेष पेज 15 पर

### आरक्षण केंद्रों में भी नहीं मिल रहा टिकट

रेलवे की नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब जिन ट्रेनों में 25 प्रतिशत से अधिक वेटिंग हो चुकी है, उनके टिकट आरक्षण केंद्रों और ऑनलाइन पोर्टल दोनों पर जारी नहीं किए जा रहे हैं। इस वजह से बड़ी संख्या में यात्री अब वैसी तारीखों की ओर रुख कर रहे हैं, जिनमें वेटिंग की स्थिति 25 प्रतिशत से कम हो। नतीजतन, कुछ तारीखों पर टिकट मिलना बेहद मुश्किल हो गया है, तो वहीं अन्य तारीखों की मांग अचानक बढ़ गई है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बड़े स्टेशनों से बड़ी संख्या में वेटिंग टिकट जारी होने के कारण यात्रियों को सीट कन्फर्म न होने की समस्या बार-बार आ रही थी। नई व्यवस्था से अब यह परेशानी कम होगी।

### नई व्यवस्था लागू हो चुकी

ट्रेनों में वेटिंग संख्या में अब सीमित हो चुकी है। रेलवे की नई व्यवस्था लागू हो चुकी है। अब ट्रेनों में वेटिंग कम हो चुकी है, जिससे ट्रेनों में पहले जैसी भीड़ नहीं है।

- डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव, सीपीआरओ

### 25 प्रतिशत से अधिक वेटिंग बाद कई ट्रेनों में नो रूम'

रेलवे की नई व्यवस्था के लागू होते ही लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग टिकटों की संख्या में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। पहले जिन ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 60 से 100 तक पहुंचती थी, अब वह घटकर 30 से 40 के बीच रह गई है। हरिभूमि ने रायपुर से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों की पड़ताल की। 21 फरवरी को रायपुर से पटना जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में वेटिंग लिस्ट सिर्फ 15 दिख रही है, वहीं साउथ बिहार एक्सप्रेस में 29। दिल्ली जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में तो स्लीपर और अन्य कोचों की बुकिंग पूरी तरह बंद हो चुकी है। गोंडवाना व संपर्क क्रांति जैसी ट्रेनों में वेटिंग 25 से 40 के बीच है। हावड़ा की ओर जाने वाली सालीमार एक्सप्रेस में भी रेलवे ने बुकिंग रोक दी है। जैसे ही सामान्य कोटे के बाद 25 प्रतिशत वेटिंग टिकट पूरे होते हैं, वेबसाइट पर 'रिग्रेट' यानी 'नो रूम' दिखने लगता है।

### तत्काल टिकट में भी लागू होगी यही व्यवस्था

निर्धारित कोटे से 25 प्रतिशत तक अधिक टिकट बुकिंग की व्यवस्था तत्काल कोटे से बुक होने वाले टिकटों पर भी होगा। रियायती टिकट व वारंट में इसकी बाध्यता नहीं रहेगी। रोड साइड स्टेशन के साथ छोटे स्टेशन पर भी यह प्रभावी होगा। नई व्यवस्था अनुसार रायपुर गुजरने वाली अगर किसी ट्रेन में स्लीपर में 20, थर्ड एसी 10 व सेकेंड एसी में आठ जनरल कोटा है तो स्लीपर में जनरल कोटे की 20 सीटों की बुकिंग के बाद केवल पांच-छह टिकट ही वेटिंग लिस्ट जारी होंगे। थर्ड एसी में जनरल कोटे की 10 सीटों के बाद तीन से चार टिकट व सेकेंड एसी में दो से तीन ही वेटिंग लिस्ट टिकट जारी हो सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### वन कर्मचारी संघ ने की वनमंत्री से भेंट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ ने गुरुवार को वनमंत्री केदार कश्यप से भेंट की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। संघ के सदस्य अपने प्रांताध्यक्ष अजीत दुबे के नेतृत्व में वनमंत्री से मुलाकात करने पहुंचे। वन कर्मचारी संघ ने वनमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए औचित्यपूर्ण मांग वेतनमान, सेटअप पुनरीक्षण एवं कर्मचारियों की अन्य समस्याओं के संबंध में चर्चा की। साथ ही वन कर्मचारियों की समस्याओं और उनके द्वारा वनों एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा के साथ किए जा रहे अन्य विभागीय, गैर विभागीय कार्यों के संबंध में अपना पक्ष रखा। यह जानकरी पवन पिल्लै प्रांतीय संगठन सचिव ने दी।

### एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** राखी थाना में एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ उसकी बेटी को मेडिकल कालेज में दाखिला कराने के नाम पर 10 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नवा रायपुर सेक्टर-30 निवासी वीणा सिंह ने मोहित सागोरिका के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि मोहित ने वर्ष 2024 में मेडिकल में दाखिला दिलाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए लिया था। नीट परीक्षा दिलाने के बाद काउंसिलिंग में नाम नहीं आने पर वीणा को ठगी होने की जानकारी मिली।

नए नियम के आधार पर रविवि से पहले जारी हुई सूची

## छत्तीसगढ़ कॉलेज की मेरिट लिस्ट जारी, आर्ट्स में 80%, कॉमर्स में 87%, साइंस में 88% रहा कटऑफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय की मेरिट सूची प्रबंधन द्वारा जारी कर दी गई है। कला संकाय का कटऑफ 79.8% रहा है। वाणिज्य संकाय का कटऑफ 87% और साइंस का कटऑफ 86% रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब छत्तीसगढ़ महाविद्यालय का कटऑफ पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध अन्य महाविद्यालयों से पहले जारी कर दिया गया है। ऐसा प्रवेश संबंधित नए नियम के कारण हुआ है। नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर यह स्पष्ट किया था कि ऑटोनॉमस महाविद्यालय अपने स्तर पर छात्रों से प्रवेश के लिए आवेदन मंगाएंगे और मेरिट लिस्ट जारी करेंगे।

ऑटोनॉमस महाविद्यालयों के अलावा अन्य शासकीय व निजी कॉलेजों के लिए आवेदन विश्वविद्यालय द्वारा मंगाए जाएंगे तथा विवि ही छात्रों की सूची कॉलेजों को सौंपेंग। विश्वविद्यालयों द्वारा छात्रों की सूची सौंपे जाने के बाद ही कॉलेज मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। ना केवल रविवि बल्कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के लिए यह नियम लागू किया गया है। रविवि द्वारा पहली सूची महाविद्यालयों को 25 जून को सौंपी जाएगी। इस सूची के आधार पर कॉलेज 26 जून को मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा भी अपने स्तर पर शेड्यूल जारी किया गया है।

### साइंस कॉलेज 24 को जारी करेगा मेरिट लिस्ट रविवि की पहली मेरिट लिस्ट आएगी 26 को

### साइंस कॉलेज और डिग्री गर्ल्स में जारी है आवेदन

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के अलावा साइंस कॉलेज और डिग्री गर्ल्स कॉलेज भी ऑटोनॉमस संस्थान हैं, जो रविवि से संबद्ध हैं। इन महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन जारी है। साइंस कॉलेज ने मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि घोषित कर दी है। छात्रों के प्राप्त आवेदन के आधार पर 23 जून को महाविद्यालय के प्रवेश समिति को सूची सौंपी जाएगी। 24 जून को पहली मेरिट लिस्ट आएगी। जिन छात्रों के नाम सूची में होंगे, उन्हें 28 जून तक दाखिले संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। जुलाई के बाद रिक्त सीटों पर विश्वविद्यालय की अनुमति के आधार पर ही प्रवेश दिए जाएंगे। ऑटोनॉमस महाविद्यालयों में भी प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन ही होगी।



### बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी के लिए आवेदन आज से

दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विवि के अंतर्गत बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी के लिए पंजीयन आज से प्रारंभ होगा। प्रथम चरण का पंजीयन 20 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। मेरिट लिस्ट 4 जुलाई को जारी की जाएगी। छात्रों के प्रवेश पश्चात दूसरे चरण की प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू होगी। बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी की 62 सीटें रायपुर दुग्ध महाविद्यालय में हैं, जिसमें पीईटी के प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए पंजीयन जारी

तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा भी विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी कर दिए गए हैं। इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट सहित अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए दूसरे चरण का पंजीयन 26 से 29 जून तक होगा। मेरिट लिस्ट एक जुलाई को जारी होगी। वहीं तीसरे चरण के लिए पंजीयन 10 से 13 जुलाई तक होगा। मेरिट लिस्ट 15 जुलाई को जारी होगी।

### जुलाई अंत तक दाखिले

साइंस कॉलेज में अंतिम चरण के दाखिले 30 जुलाई तक होंगे। 31 जुलाई को रिक्त सीटें सभी वर्गों के लिए खोल दी जाएंगी। हमने विस्तृत शेड्यूल और छात्रों के लिए दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए हैं।


- डॉ. अमिताभ बनर्जी, प्राचार्य, साइंस कॉलेज

### जानिए वर्गवार कटऑफ

| | | |
|---|---|---|
| **कला संकाय** | | |
| प्राप्त आवेदन | - | 1223 |
| सामान्य वर्ग | - | 79.8% |
| ओबीसी | - | 75% |
| अनुसूचित जनजाति | - | 38.2% |
| अनुसूचित जाति | - | 70.6% |
| **वाणिज्य संकाय** | | |
| प्राप्त आवेदन | - | 1668 |
| सामान्य वर्ग | - | 87% |
| ओबीसी | - | 84% |
| अनुसूचित जनजाति | - | 50.2% |
| अनुसूचित जाति | - | 76% |
| **विज्ञान संकाय** (गणित, कंप्यूटर साइंस व भौतिकशास्त्र समूह) | | |
| प्राप्त आवेदन | - | 502 |
| सामान्य वर्ग | - | 87.8% |
| ओबीसी | - | 85.8% |
| अनुसूचित जनजाति | - | 71.8% |
| अनुसूचित जाति | - | 80.4% |
| **विज्ञान संकाय** (रसायन, वनस्पति व जंतुशास्त्र समूह) | | |
| प्राप्त आवेदन | - | 1265 |
| सामान्य वर्ग | - | 85.8% |
| ओबीसी | - | 84.2% |
| अनुसूचित जनजाति | - | 71.4% |
| अनुसूचित जाति | - | 79.8% |

*नोट- विज्ञान संकाय के अन्य विषय समूह के कटऑफ भी जारी कर दिए गए हैं। किसी भी संकाय में सामान्य वर्ग में कटऑफ 70% से नीचे नहीं गए हैं।*

## उर्दू स्कूल को मर्ज कर दिया हिंदी में! वह भी आवासीय विद्यालय, जहां सिर्फ कन्याएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

- युक्तियुक्तकरण : अजीबो-गरीब विसंगतियां बगैर सर्वे आदेश जारी

युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत शिक्षकों के तबादलों में तो अजीबो-गरीब विसंगतियां सामने आई ही हैं, मर्ज किए गए स्कूलों में भी कई तरह की गड़बड़ियां हैं। ये गड़बड़ियां भी ऐसी हैं कि शिक्षकों के साथ-साथ प्राथमिक शाला के बच्चे भी अपना माथा पकड़कर बैठ गए हैं। वे जन प्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों तक से गुहार लगा रहे हैं कि किसी तरह से चीजें सुधर सकें और व्यवस्थित रूप से पढ़ाई हो। ताजा मामला राजधानी रायपुर के एकलौते उर्दू स्कूल का है। नयापारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला हांडीपारा को चूड़ी लाइन स्थित महाराणा प्रताप ▶▶शेष पेज 15 पर

### माध्यम अलग कक्षाएं एक कैसे?

दोनों विद्यालयों का माध्यम अलग है। शिक्षक एक साथ सभी कक्षाओं को अध्यापन कार्य कैसे कराएंगे, इसे लेकर भी असमंजस की स्थिति है। बीते दिनों शाला प्रवेशोत्सव के दौरान जब पार्षद मुरली शर्मा पहुंचे तो शिक्षकों ने उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी से इस संदर्भ में जानकारी मांगी गई। अब तक मामले का निराकरण नहीं हो सका है।

### विद्यालय में ही निवास करती हैं छात्राएं

शासकीय प्राथमिक शाला हांडीपारा में पहली एसे पांचवी कक्षा तक का संचालन होता था। वहीं महाराणा प्रताप विद्यालय में पहली से आठवीं कक्षा तक पढ़ाई होती है। शासकीय प्राथमिक शाला हांडीपारा में को-एजूकेशन पद्धति लागू थी। अर्थात यहां बालक एवं बालिकाएं दोनों ही अध्ययनरत थे। जबकि महाराणा प्रताप विद्यालय में केवल लड़कियां ही अध्ययनरत हैं। यह आवासीय विद्यालय है। अर्थात यहां पढ़ने वाली बालिकाएं विद्यालय में ही निवास करती हैं। यहां लड़कों के स्कूलों को मर्ज किए जाने संबंधित आदेश के बाद दोनों ही विद्यालयों का प्रबंधन भी हैरान है।

## जशपुर, सूरजपुर और बलरामपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी, यहां आज भारी बारिश का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- राजधानी में रिमझिम बारिश कुसमी में बरसा 20 सेमी पानी

दो दिनों तक बादल छाए रहने के बाद शुक्रवार को राजधानी में बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। गुरुवार रात भी यहां रिमझिम बारिश के हालात बने रहे। शुक्रवार को ना केवल रायपुर, बल्कि प्रदेश के अधिकतर स्थानों में बदली-बारिश की स्थिति निर्मित होगी। जशपुर, सूरजपुर और बलरामपुर के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। इन जिलों में आने वाले 48 घंटों तक भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। 22 जून से पूरे छग में वर्षा के विरतण में कमी आने की संभावना है, लेकिन इसके पहले बादल जमकर बरसेंगे। आसमान में छाए बादलों ने पूरे प्रदेश का पारा गिरा दिया है। प्रदेश ▶▶शेष पेज 15 पर

### उत्तरी छत्तीसगढ़ में अधिक वर्षा

एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर झारखंड और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके धीरे धीरे उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ, 76 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। इनके प्रभाव से शुक्रवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात की चेतावनी दी गई है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहेगा।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## धनेली-सांकरा सर्विस रोड पर भारी वाहन की आवाजाही पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- फैक्ट्री में मालवाहक वाहन जाने मुख्य मार्ग को जोड़ा सर्विस रोड से

धरसींवा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व 17 जून को सायकल से जा रहे एक बच्चे के ट्रक से कुचल जाने की घटना के बाद संबंधित थाने की पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस ने दुर्घटना रोकने सर्विस रोड से अंडरब्रिज के रास्ते फैक्ट्री जाने वाले मालवाहक वाहन की आवाजाही पर रोक लगा दी है। घटना के बाद आक्रोषित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर प्रदर्शन किया था। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने यह व्यवस्था की है। पुलिस के अनुसार ग्रामीणों ने सांकरा सिलतरा के ▶▶शेष पेज 15 पर



### ऐसे की गई व्यवस्था

मालवाहक वाहन कंपनी तक पहुंचे, इसके लिए सांकरा गांव के आगे तालाब के पास मुख्य मार्ग से सर्विस रोड पर प्रवेश के लिए एप्रोच रोड बनाया गया। सर्विस रोड का चैड़ीकरण करने व सर्विस रोड को धरसींवा तक बढ़ाने एवं अंडरब्रिज बनाने के लिए राज्य शासन को जल्द प्रस्ताव भेजने आश्वासन दिया गया। भारी वाहनों को सर्विस रोड से प्रवेश नहीं देने से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत नहीं होगी।

## सूदखोर तोमर भाइयों की 70 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति गिरफ्तार नहीं होने पर होगी अटैचमेंट की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मारपीट, जबरन वसूली तथा ब्लैकमेलिंग के आरोपी वीरेंद्र तथा रोहित तोमर अब तक फरार हैं। अंडा ठेला लगाने वाले लोगों की खून-पसीने की कमाई लूट कर पाप का किला खड़े करने वाले तोमर भाइयों की वास्तविक संपत्ति के बारे में जानकारी जुटाने पुलिस ने राजस्व विभाग के अफसरों को पत्र लिखा है। अब तक जब्त के साथ अन्य संपत्ति के बारे में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक तोमर भाइयों की संपत्ति 70 करोड़ रुपए के करीब पहुंच गई है। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के मुताबिक दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के लिए ▶▶शेष पेज 15 पर




### पतासाजी की जा रही


*सूदखोरी तथा ब्लैकमेलिंग के आरोपी वीरेंद्र तथा रोहित तोमर की पतासाजी की जा रही है। दोनों बदमाशों के पकड़े नहीं जाने पर कोर्ट से उनके खिलाफ फरारी वारंट जारी कराया जाएगा। फरारी वारंट के बाद भी दोनों भाइयों के नहीं पकड़े जाने पर संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई की जाएगी।*

*- डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एसएसपी*

### खिलाफ जाने वालों को गुर्गे धमका रहे

पिछले दिनों मध्यप्रदेश, भोपाल तथा दिल्ली से आए तीन लोग जिसमें एक महिला भी शामिल थी, उनके द्वारा यू-ट्यूबर के साथ मारपीट की गई थी। पुलिस ने तब वीरेंद्र की पत्नी के साथ उन तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हाल के दिनों में तोमर का एक गुर्गा जिसके अपने आपको कथित तौर पर ओडिशा का होना बताकर एक यू-ट्यूब चैनल के एंकर को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने ▶▶शेष पेज 15 पर

### तोमर भाइयों के घर निगम ने चस्पा किया नोटिस



तोमर भाइयों द्वारा अपने स्वामित्व वाले मकान में एक हजार वर्गफीट में कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। कार्यालय निर्माण के लिए निगम से अनुमति ली गई है या नहीं, ▶▶शेष पेज 15 पर

2016 में प्रारंभ की गई थी योजना

*2025-26 के सत्र में प्रदेश में 20 हजार पंप लगाने का केंद्र सरकार को भेजा गया प्रस्ताव*

## सौर सुजला योजना बंद, अब पीएम कुसुम योजना में लगेंगे सोलर कृषि पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के किसानों को कृषि के लिए सोलर पंप भी लगाने की भाजपा सरकार में 2016 में प्रारंभ की गई सौर सुजला योजना अब बंद हो गई है। इसके स्थान पर अब केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना में किसानों को सोलर पंप लगाकर दिए जाएंगे। इसके लिए क्रेडा ने प्रदेश सरकार के माध्यम से 2025-26 के लिए केंद्र सरकार के पास प्रदेश के किसानों के खेतों में प्रधानमंत्री कुसुम ▶▶शेष पेज 15 पर



### केंद्र सरकार को भेजा है प्रस्ताव


नए सत्र 2025-26 में प्रदेश में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कुसुम योजना में 20 हजार सोलर पंप लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को दिया गया है।

- भूपेंद्र सवन्नी, अध्यक्ष, क्रेडा

### अब केंद्र सरकार की योजना में लगेंगे

अब किसानों को सोलर पंप केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना में लगाकर दिए जाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार के पास 20 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने पर पंप लगाए जाएंगे। इस योजना में भी किसानों ▶▶शेष पेज 15 पर

रुबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैकड़ो विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है। छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425565777, 9039800929

## खबर संक्षेप

### बार कोड स्कैनिंग बनी शिक्षकों के लिए सिरदर्द

**आरंग।** जहां एक ओर बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही है। वहीं दूसरी और शिक्षक व विद्यार्थी अव्यस्था के शिकार हैं। शिक्षा विभाग का निर्देश है कि वितरण पूर्व टीबीसी ऐप के माध्यम से हर पुस्तक का बार स्कैनिंग व वेरीफिकेशन अनिवार्य है किंतु ग्रामीण अंचल में नेटवर्क की समस्या के चलते यह ऐप एरर बता रहा है। साथ ही हर पुस्तक को स्कैन करने में अत्यधिक समय लग रहा है। शालाओं में अधिकांश शिक्षक बार कोड स्कैनिंग व वेरीफिकेशन कार्य मे व्यस्त हैं। यह आदेश शिक्षकों के लिए सर दर्द बन गया है। बिना स्कैनिंग व वेरीफिकेशन के बच्चों को पुस्तक वितरण की अनुमति नहीं है। शिक्षक कल्याण संघ आरंग प्रवक्ता छत्रधर दीवान ने कहा कि यदि बच्चों को समय पर किताबें नहीं मिलेगी तो शिक्षा गुणवत्ता कैसे सुधरेगी। उन्होंने स्कैनिंग व वेरीफिकेशन की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ शासन से शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखने का आग्रह किया है।

### महंगाई भत्ता को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**आरंग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं पेंशनर्स संघ आरंग ने संयुक्त तत्वाधान में अपराह्न 2 बजे 13 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर रायपुर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स संघ जिला अध्यक्ष पंकज नायक एवं आरंग ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद पनका ने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों की तरह दो प्रतिशत महंगाई भत्ता नहीं दिया जा रहा है और पिछले एरियर्स राशि का भी भुगतान नहीं हुआ है, जबकि पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में यह लागू हो चुका है। साथ ही लाखों कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की भी मांग की गई है और मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौपा गया है। इस अवसर पर पेंशनर संघ से महेंद्र सिंह राजपूत, पेमल लाल साहू, कोमल भारती गोस्वामी, प्यारेलाल सेन, पौराणिक साहू, गोपत राम टंडन आदि की उपस्थिति रही।

### कमिश्नर ने किया कलेक्टोरेट तहसील, जिला पंचायत के विभागों का औचक निरीक्षण

**रायपुर।** रायपुर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने गुरुवार को कलेक्टोरेट, तहसील एवं जिला पंचायत के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कमिश्नर के औचक निरीक्षण से कई विभागों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कमिश्नर ने वित्त शाखा, खनिज शाखा, नजूल शाखा, आबकारी, स्वच्छ भारत मिशन, खनिज न्यास शाखा सहित अन्य कार्यालयों में पहुंचकर कैश बुक, अभिलेख पास बुक, रजिस्टर, राजस्व प्रकरणों और कार्यालयीन कार्यों की जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान कलेक्टर डॉ गौरव सिंह, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### नगर सैनिकों की भर्ती परीक्षा 22 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ के अंतर्गत महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 जून, रविवार को किया जाएगा।

### निधन

#### सुशीला देवी अग्रवाल



**आरंग।** आरंग निवासी सुशीला देवी अग्रवाल 75 वर्ष का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे अनुराग, अमिताभ अग्रवाल की माता एवं सुशील अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, सुनील अग्रवाल की भाभी थी। उनके अंतिम यात्रा मे परिजन व नगरवासी शामिल हुए।

---

**विरोध :** शराब दुकान के विरोध में ग्रामीणों ने विधायक शर्मा से मिलकर रद्द करने की मांग की

# दोंदेखुर्द, शराब दुकान का ग्रामीणों ने किया विरोध, 10 दिनों का दिया अल्टीमेटम, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिलयारी





विधान सभा भवन से मात्र 7 किलोमीटर दूरी पर बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम दोन्दे खुर्द में प्रशासन द्वारा एक विज्ञप्ति जारी कर गांव मे 2 जुलाई से कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान संचालन का आदेश जारी किया है, जिससे की ग्रामीणों में भारी आक्रोश है तथा ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में इस आदेश को निरस्त कराने के लिए हर सम्भव प्रयास करने की बात कह रहे है। ग्रामीणों ने इस मामले में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात कर इस आदेश को निरस्त कराने के लिए निवेदन किए, ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि दोन्दे खुर्द गांव स्वच्छ भारत मिशन में उत्कृष्ट कार्य किया था जिसके लिए गांव को अनेकों सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है तथा पूरा प्रदेश हमारे गांव को सुग्घर गांव के नाम से जानते है ऐसे में हमारे गांव में शराब दुकान का संचालन किया जाना बहुत ही दुर्भाग्य जनक है।

विधायक के द्वारा उनके जानकारी के बगैर ये आदेश जारी करना बताया तथा ग्रामीणों की मांग पर तत्काल संज्ञान लेते हुए इस आदेश को निरस्त कराने के लिए आबकारी उपायुक्त को पत्र जारी किए तथा ग्रामीणों को आश्वस्त किए की दोन्दे खुर्द गांव में शराब दुकान संचालन नहीं किया जाएगा।

इधर इन सभी बातों को दरकिनार करते हुए आबकारी विभाग द्वारा दुकान संचालन के लिए जगह लगभग फाइनल कर गांव में दुकान बनाना शुरू भी कर दिए है, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है।

#### किसी भी हाल में दुकान संचालन नहीं करने देंगे

इस संबंध में गुरुवार को ग्रामीणों ने धरसींवा के पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर को गांव में शराब दुकान संचालन के आदेश को निरस्त कराने के लिए ज्ञापन सौंपे है तथा 10 दिनों के भीतर यदि आदेश को निरस्त नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दिए है। वहीं धरसींवा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस आदेश को निरस्त कराने तथा किसी भी हाल में दुकान संचालन नहीं करने देने की बात कही है। पूर्व विधायक ने बताया कि उनके कार्यकाल में 13 वर्ष पहले माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के शराब बंदी नीति के तहत पूरे प्रदेश में लगभग 300 दुकाने बंद कराया गया था जिसमें धरसींवा क्षेत्र के ग्राम दोन्दे, सारागांव, सिलयारी पंचायतों का दुकान भी शामिल था अब पुनः दोन्दे में शराब दुकान संचालन का आदेश जारी करना निंदनीय है।

#### आदेश के विरोध में करेंगे उग्र आंदोलन

पूर्व जनपद अध्यक्ष उत्तरा कमल भारती, जनपद सदस्य भगत बंजारे, पूर्व उपसरपंच व भाजयुमो नेता सूरज टंडन, जिला कांग्रेस कमिटी महासचिव कमल भारती पंच व एनएसयुआई जिला उपाध्यक्ष सूर्यप्रताप बंजारे पंच देवकुमार चतुर्वेदी तथा गांव के महिलाओं ने बताया की आसपास के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, समाज प्रमुखों के साथ संघर्ष समिति बनाकर इस इस आदेश के विरोध में उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसका सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन का होना बताया।

---

## अभनपुर में खाद संकट, कांग्रेसियों ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू के नेतृत्व मे अभनपुर विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ता द्वारा सहकारी समितियों में किसानो को खाद व बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एसडीएम अभनपुर के नाम से ज्ञापन तहसीलदार आरपी बघेल को सौपा गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू ने पत्रकारो से चर्चा करते कहा कि विधानसभा क्षेत्र के किसी भी सहकारी समिति मे किसानो को जिस खाद की आवश्यकता है,वह खाद कही पर उपलब्ध नही है, वहीं व्यापारी किसानो को महंगे दामो पर खाद बेच रहे है। किसानो के खाद बीज की समस्या को लेकर हम लगातार आवाज उठा रहे है, लेकिन सरकार कान में रूई डालकर चुप बैठी है। उन्होने आरोप लगाया कि जब सोसायटियो मे खाद नही है। इस स्थिती मे निजी दुकानदारो के पास खाद का पर्याप्त स्टॉक कहा से उपलब्ध हो रहा है। बड़े पैमाने पर सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सरकारी कोटे का खाद समितियो मे क्यो नही पहुंच रही है। किसानो के इस समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया है। एक सप्ताह के अंदर खाद बीज की समुचित व्यवस्था नही होने पर अभनुपर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नयापारा कमेटी द्वारा विधानसभा के सभी सहकारी सोसाटियो मे धरना प्रदर्शन करने की बात कही है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष उधो वर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण साहू, जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, लोकमनी कोसले, नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, ब्लॉक अध्यक्ष भोला राम सोनवानी, पार्षद नीलकमल गिलहरे, बीरेन्द्र सिन्हा, डोमेन्द्र साहू, बीरबल टंडन, पार्थ, तुलेश साहू, फतीस साहू, निमा निम्बेकर, रानू साहू, गिरधारी साहू, नंदकुमार साहू, राकेश बघेल, ओमप्रकाश साहू, भूपेन्द्र साहू, घासुराम साहू, बालमुंकुद साहू, चोवाराम बघेल, मनमोहन कोसले,नंदू साहू आदि बड़ी संख्या मे लोग शामिल रहे।

---

## अतिक्रमण पर नगर पालिका हुआ सख्त उडनदस्ते ने शुरू की जब्ती कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर



नगर के मुख्य मार्ग एवं बस स्टैण्ड के आसपास दुकानो के बाहर सामान एवं होर्डिग बोर्ड रखने से यातायात बाधित होता है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुये नगर पालिका परिषद अभनपुर की प्रेसीडेन्ट इन काउसलिंग के बैठक में उडनदस्ता टीम का गठन कर कार्यवाई करने निर्देश दिये गये है। उडनदस्ता टीम द्वारा नगर के व्यापारियो को एलाउसमेंट के माध्यम से सड़क पर रखे गये सामानो को हटाने का कहा जा रहा है। लेकिन दुकानदारो द्वारा बार बार मना करने के बावजूद समान को सड़क पर रख रहे है। जिस पर उडनदस्ता टीम अब सख्त कार्यवाई करते हुये सड़कों पर रखे होर्डिग्स को जब्ती करना शुरू कर दिया है। इस संबंध मे प्रेसीडेन्ट इन काउसलिंग की बैठक मे नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, सुशीला हरवंश, दीक्षा राठी, बीरेन्द्र सिन्हा, बीरबल टंडन, डोमेन्द्र साहू, महेश्वरी वैष्णव सभी पीआईसी सदस्य एवं पार्षदो कहा कि नगर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के लिए कड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है। अभी प्रांरभिक तौर पर सभी को समझाइस दी जा रही है। बार बार नियमो की अनदेखी करने वाले व्यापारियो पर जुर्माना सहित सख्त कार्यवाई की जायेगी। उडनदस्ता टीम के टिकेन्द्र सिन्हा, भूपेन्द्र सिन्हा, राजेश सिन्हा, राहुल वर्मा, आनंद बारले आदि सदस्यो ने बताया कि दुकानो के बाहर रखे सामानो को जब्ती करने की कार्यवाई की जा रही है आने वाले समय में जुर्माना सहित सामान जब्ती किया जायेगा।

## विधायक ने जनदर्शन में सुनी जनता की समस्याएं



**आरंग।** आरंग विधायक एवं उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन गुरु खुशवंत साहेब के नेताजी चौक स्थित विधायक कार्यालय आरंग में 19 जून को साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर विधायक द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि जनदर्शन एक सशक्त माध्यम है। जनप्रतिनिधि और आमजन के बीच संवाद का, जिससे वास्तविक समस्याएं सामने आती हैं और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक, ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। जनदर्शन में लोगों ने अपनी विभिन्न व्यक्तिगत, सामाजिक, शासकीय योजनाओं से जुड़ी समस्याएं, आवेदन एवं सुझाव माननीय विधायक के समक्ष रखे।

## तिल्दा में 118 पुलिस मितानों को मिला प्रशिक्षण और दी जिम्मेदारी, दुर्घटना पर करेंगे सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा




सड़क सुरक्षा पुलिस मितान कार्यक्रम के अंतर्गत थाना तिल्दा नेवरा परिसर में सड़क सुरक्षा मित्र थाना तिल्दा नेवरा से जुड़े मित्रो का कार्यक्रम रखा गया एवं पुलिस मितान टी शर्ट का वितरण भी किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की तत्काल सहायता के लिए अब राहगीरों की भूमिका अहम होने जा रही है। सड़क सुरक्षा मितान नाम की इस योजना के तहत जिले में एक नई व्यवस्था लागू की जा रही है। जिले के सभी थानों के अंतर्गत सड़क किनारे आने वाले गांवों में पुलिस मितान नियुक्त किए जा रहे है। ये पुलिस मितान सड़क किनारे बसे गांवों के सामान्य नागरिक होंगे, जो सड़क दुर्घटना के समय सबसे पहले मौके पर पहुंचकर घायलों को मदद करेंगे साथ ही पुलिस को सूचना देते हुए नजदीकी अस्पताल में उपचार हेतु सूचित करेंगे। पुलिस मितान सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति का सहयोग करेंगे और इसकी सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना और अस्पताल को देंगे। एम्बुलेंस सहायता की व्यवस्था करेंगे और जरूरत पड़ने पर डायल 108 और 112 जैसे आपातकालीन नंबरों का इस्तेमाल कर दुर्घटना की जानकारी संबंधित विभागों तक पहुंचाएंगे। यह पहल न केवल दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद करेगी बल्कि आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी लाएगी। पुलिस मितान सड़क सुरक्षा मित्र स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।तिल्दा के 22 ग्रामों में बने 118 पुलिस मितान और सभी को टी शर्ट दिया गया।

---

## संकरी में अवैध कब्जा हटाओ मुहिम शुरू, पंचायत और ग्रामीण सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग



विधानसभा आरंग व तहसील मंदिर हसौद के अधीन आने वाले ग्राम संकरी (जावा) में बीते कल से पंचायत ने शासन के सहयोग से एक बार फिर अवैध कब्जा हटाओ अभियान शुरू कर दिया है। बीते दिनों पंचायत ने ग्रामीणों की सहमति से अवैध कब्जा हटवाने का प्रस्ताव पारित कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद पहुंचे राजस्व अमला द्वारा नाप-जोख कर अवैध कब्जों को चिन्हांकित करने के बाद पंचायत ने अवैध कब्जा हटवाना शुरू कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि अवैध कब्जों से बदरंग हो चले ग्राम संकरी में कुछ वर्षों पूर्व ग्रामीणों ने अवैध कब्जों को हटवा निस्तारी समस्या दूर की थी लेकिन कालांतर में ग्रामीण व्यवस्था के ढीला पड़ जाने से अवैध कब्जा की प्रवृत्ति फिर शुरू हो चला था व बेजा कब्जाधारी निस्तारी भूमि पर कब्जा कर खेती करने लगे थे। एक दूसरे की देखादेखी रफ्तार से बेजा कब्जा बढ़ने से आम निस्तार की समस्या फिर आने लगी थी।

ग्रामीणों व पंचायत की मनाही के बाद भी वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे। इस पर ग्रामीणों की बैठक के बाद पंचायत ने अवैध कब्जा हटवाने का प्रस्ताव पारित कर बीते दिनों तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था।

## फास्टैग वार्षिक पास योजना 15 जुलाई से लागू

**आरंग।** भारत सरकार द्वारा सड़क यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए नई वार्षिक पास योजना की घोषणा की गई है, जो 15 जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। इस योजना के अंतर्गत केवल 3,000 में 200 टोल यात्राएं की जा सकेंगी। इस ऐतिहासिक निर्णय पर आरंग जनपद पंचायत के सदस्य प्रीतम साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण, किसान, छोटे व्यापारी, नौकरीपेशा एवं दैनिक यात्री वर्ग के लिए एक बड़ी राहत है। श्री साहू ने आगे कहा कि सरकार का यह कदम जनहित में अत्यंत सराहनीय है। हमारे आरंग क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लाखों लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इससे न केवल यात्रा खर्च में कमी आएगी, बल्कि फास्टैग के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा और टोल प्लाज़ा पर लगने वाली भीड़ भी घटेगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को इस योजना का प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक करना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। श्री साहू ने तकनीकी अवरोधों को दूर करने और सभी टोल प्लाज़ा पर समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने की भी अपील की।

## पीएमश्री स्कूल आरंग में शिक्षकों की कमी, डीईओ को सौंपा गया ज्ञापन



**आरंग।** हाल ही में पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आरंग में एसएमडीसी स्टॉफ बैठक सम्पन्न हई थी। जिसके बाद शिक्षको की कमी जैसे अति गंभीर मामले उभर कर आए थे। एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरन्धर ने विद्यालय से जुड़े समस्याओं को लेकर कहा कि डीपीआई तथा डीईओ कार्यलय के उच्चाधिकारियों को ज्ञापन दिया गया है। बड़े ही दुख की बात है कि सन् 1954 से संचालित इस संस्था मे आज शिक्षको की भारी कमी है,हिन्दी और अंग्रेजी दोनों माध्यमो में शिक्षको की भारी कमी है। पूर्व में भी बार-बार आवेदन-प्रतिवेदन देने के बाद भी कोई हल नही निकला। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के सम्बंध में पालक एवं बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऊपर से ओपन बोर्ड के समय भी शिक्षको की भारी कमी हो जाती है। अतः उच्च अधिकारियो से मांग की गई है कि है कि जल्द से जल्द शिक्षको की कमी दूर की जाए और ओपन बोर्ड को हटाया जाए। उन्होंने शानदार परीक्षा परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को पुनः शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिनांक 25 जून को स्थानीय विधायक खुशवंत साहेब जी के उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव होना है और पालकों को आश्वस्त किया कि शिक्षको की कमी जल्दी ही दूर कर ली जाएगी। इस दौरान एसएमडीसी सदस्य रेखराज अग्रवाल, ओमप्रकाश मिरधा, शब्बीर चौहान आदि उपस्थित थे।

---

**भूमिपूजन में उपमुख्यमंत्री साव, सांसद व विधायक शामिल हुए**

# तिल्दा में 100 करोड़ की दो सड़कों का भूमिपूजन 5 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा आडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा



गुरुवार दोपहर बाद उपमुख्यमंत्री अरुण साव तिल्दा पहुंचे बीएनबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां पर नेशनल हाईवे मार्ग सांकरा से तिल्दा सासाहोली तक मार्ग का भूमि पूजन किया गया, वहीं इसके पूर्व तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत में मोहरेंगा कठिया होते हुए हिरमी पहुंच मार्ग का भी भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंक राम वर्मा धरसीवा विधायक अनुज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए, जहां पर बीएनबी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित थी। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तिल्दा नेवरा क्षेत्र वासियों को व खरोरा सहित तिल्दा ब्लॉक के ग्राम वासियों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि तिल्दा ब्लॉक में दो सड़कों के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया और दोनों सड़कों की लागत लगभग 100 करोड रुपए के आसपास की है, साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में चल रहे योजनाओं की जानकारी दी एवं भाजपा सरकार का गुणगान किया। वहीं उन्होंने तिल्दा नेवरा में 5 करोड रुपए की लागत से आडिटोरियम निर्माण की घोषणा किया। कार्यक्रम को सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंत्री टंक राम वर्मा एवं विधायक अनुज शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सभापति स्वाति वर्मा, शैल साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर सोनू मनहरे, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, सहित नगर पालिका के सभापति रानी सौरभ जैन, ईश्वर यदु, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद पार्षदगण आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए।

वही सभापति रानी सौरभ जैन ने शहर विकास हेतु कुछ मांग पत्र उपमुख्यमंत्री नगरी निकाय मंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव को दिए, साथ ही मंत्री टंक राम वर्मा को भी मांग पत्र उनके द्वारा दिया गया।

# अब शुरू होगा एक पेड़ मां के नाम 2.0



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम 2.0 शुरू किया जा रहा है। यह अभियान छत्तीसगढ़ में भी संचालित होगा। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार के निर्देश पर राज्यभर में पेड़ लगाने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं।

#### केंद्र की योजनाओं से भी होगा काम

इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं और मिशन जैसे- मनरेगा, जल शक्ति अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन और राष्ट्रीय ग्रीन हाईवे मिशन जैसे प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों को भी इस अभियान के अनुसार संरेखित(अलाइन) करने का प्रयास करने कहा गया है।

#### यहां रहेगा फोकस

केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अभियान का फोकस इस ओर रहेगा। विद्यालय/शिक्षण संस्थानों के प्रांगण, हेरिटेज, तीर्थ स्थल, नगर वन, पार्क, ग्रीन बेल्ट, राष्ट्रीय, राज्य राजपथ एवं प्रमुख सड़कें, जल संरचना, कैचमेंट एरिया, नदी तट, रिचार्ज जोन, नहर, अमृत सरोवर आदि शामिल है जिनमें या जिनके आसपास प्राथमिकता से वृक्षारोपण किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### कमिश्नर ने किया कलेक्टोरेट तहसील, जिला पंचायत के विभागों का औचक निरीक्षण

**रायपुर।** रायपुर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने गुरुवार को कलेक्टोरेट, तहसील एवं जिला पंचायत के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कमिश्नर के औचक निरीक्षण से कई विभागों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कमिश्नर ने वित्त शाखा, खनिज शाखा, नजूल शाखा, आबकारी, स्वच्छ भारत मिशन, खनिज न्यास शाखा सहित अन्य कार्यालयों में पहुंचकर कैश बुक, अभिलेख पास बुक, रजिस्टर, राजस्व प्रकरणों और कार्यालयीन कार्यों की जांच की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान कलेक्टर डॉ गौरव सिंह, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### नगर सैनिकों की भर्ती परीक्षा 22 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ के अंतर्गत महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 जून, रविवार को किया जाएगा। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है जिन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है।

### राहुल के जन्मदिन पर फल वितरण



**रायपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन गांधी मैदान में सेवा दिवस के रूप में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मजदूर भाई-बहनों को फल वितरित किए गए।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून रात 11.59 बजे तक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन होगी।

### सिकल सेल से जंग जीतने वाले बच्चों का सम्मान



**रायपुर।** जब जीवन में मुश्किलें पहाड़ बनकर सामने खड़ी हों और सामने एक नन्हा बच्चा सीना तानकर कहे-"मैं हार नहीं मानूंगा", तो समझिए कि असली योद्धा वही है। विश्व सिकल सेल दिवस पर आज रायपुर स्थित सिकल सेल इंस्टीट्यूट में ऐसा ही जज़्बा देखने को मिला। मौका था उन 40 नन्हे-मुन्ने योद्धाओं के सम्मान का, जिन्होंने सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी से जूझते हुए न सिर्फ जीत हासिल की, बल्कि हजारों लोगों को प्रेरणा देने वाला उदाहरण भी बन गए।

### जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आज

रायपुर। शिक्षा को प्रोत्साहन देने और बच्चों का स्वागत करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 20 जून को दोपहर 1 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम राजधानी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय जगन्नाथ राव दानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप होंगे, अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे।

# गंगरेल डेम से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की शहर में रोज डिमांड, प्यास इतनी कि किराए के 35 पानी टैंकर भी कम पड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर की 15 लाख आबादी की प्यास बुझाने इस समय नगर निगम का जल विभाग गंगरेल डेम से प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर ले रहा है। प्यास इतनी बढ़ी कि किराये के 35 पानी टैंकर भी कम पड़ रहे। ऐसे में अब जुलाई तक किराये के पानी टैंकर की जरूरत शहर के जल संकट प्रभावित इलाकों में पड़ेगी। वर्तमान में किराये के 35 पानी टैंकर पानी की किल्लत वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 350 ट्रिप पानी की आपूर्ति कर लोगों की प्यास बुझाने फेरे लगा रहे हैं। इसके अलावा निगम के विभागीय टैंकर भी डिमांड के हिसाब से प्रभावित इलाकों में भेजे जा रहे हैं। अमृत मिशन और 15 वार्डों में 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना के बाद भी शहर में पानी की किल्लत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ निगम प्रशासन जहां बारिश के सीजन को देखते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों की जानकारी मंगाकर समस्या से निपटने की तैयारी में जुटा है, वहीं जून के तीसरे सप्ताह में नलों में पानी का प्रेशर कम होने और अंतिम छोर तक पीने का पानी नहीं पहुंचने की शिकायत ने अफसरों को चिंता में डाल दिया है। जल विभाग ने 15 अप्रैल से 15 जून तक किराये के पानी टैंकर चलाने आधा दर्जन ठेकेदारों के साथ अनुबंध किया, पर पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए अब 1 जुलाई तक किराये के पानी टैंकर की जरूरत पड़ेगी। इस समय 35 किराये के पानी टैंकर प्रतिदिन शहर के प्रभावित इलाकों में 350 ट्रिप पानी की आपूर्ति करने लगाये गये हैं।

## 15 अप्रैल से 15 जून तक चलाना था किराया का टैंकर, अब जुलाई तक पड़ेगी जरूरत

### इन इलाकों में चल रहे किराये के टैंकर

चंगोराभाठा, खम्हारडीह, भनपुरी, लभांडी, फुंडहर, दलदल सिवनी, दया नगर, द्वारिका नगर, पावर्ती नगर, वृंदावन कालोनी, भवानीनगर, बंजरपारा बस्ती, ब्रम्हदेव नगर, चंडी नगर, अशोकनगर, दलदल सिवनी बैरागी बीएसयूपी, कचना बीएसयूपी कालोनी, विजय नगर, बुनियाद नगर, सतनामी पारा, टिंबर मार्केट एरिया, मठपुरैना बीएसयूपी, बृजनगर, बीएसयूपी टेकारी, पीएचवाय, साजनदास बीएसयूपी, आरडीए प्लॉट क्षेत्र इंदिरा नगर सहित अन्य रहवासी इलाके शामिल हैं।



### नदी में नहीं प्राकृतिक बहाव, डेम से 50 क्यूसेक ज्यादा पानी की डिमांड

जीवनदायिनी खारुन नदी में जनवरी से प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद है। इसके चलते शहर की नई व पुरानी 45 पानी टंकियों से जल आपूर्ति के लिए नगर निगम को सामान्य दिनों की तुलना में 50 क्यूसेक ज्यादा रॉ वाटर खरीदना पड़ रहा है। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि गंगरेल डेम से प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर ले रहे हैं, जबकि पूर्व में 200 क्यूसेक रॉ वाटर की डिमांड रही।

## पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के लिए आदेश जारी

# पीएम आवास वालों के लिए बड़ी राहत, आनलाइन प्रक्रिया से मुक्ति, भवन अनुज्ञा सहित सभी शुल्क अब नहीं लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के गरीब आवासहीनों के हक में एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। अब पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत मकान बनाने वालों को आवेदन की आनलाइन प्रक्रिया से मुक्त किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने गरीबों के भवन निर्माण अनुज्ञा प्रकरणों की स्वीकृति के लिए भवन विकास शुल्क, अनुज्ञा शुल्क तथा अन्य शुल्क से मुक्त किया है।

इस संबंध में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभा ने प्रदेश के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक के लिए भवन अनुज्ञा की प्रक्रिया में सरलीकरण के संबंध में अवगत कराया है।

खास खबर

### सरकार दे रही है ये छूट

राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना - सबके लिये आवास मिशन के हितग्राही द्वारा स्वयं आवास निर्माण ( बीएसली ) घटक के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के पात्र हितग्राहियों के शीघ्र आवास निर्माण हेतु उपांतीय खुला क्षेत्र (सेटबैक एमओएस) का शिथिलीकरण सहित भवन अनुज्ञा प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए भवन अनुज्ञा शुल्क से मुक्त किया गया है।

### अब मैन्युअल भवन अनुज्ञा होगी जारी, वह भी फ्री में




### इस तरह लागू होंगे प्रावधान

स्वीकृत परियोजना के पात्र हितग्राहियों के स्वयं के स्वामित्व (लगानी भूमि) वाले भूखण्ड अथवा स्थायी पट्टे पर प्राप्त आवासीय भूनि पर आवास निर्माण हेतु भवन मानचित्र निर्माण अनुज्ञा ऑनलाईन जारी करने की कठिनाईयों को देखते हुए ऑनलाईन प्रक्रिया से मुक्त करते हुए संबंधित वार्ड मोहल्ला में शिविर आयोजित कर मैनुअल पद्धति से भवन अनुज्ञा जारी कर तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ करने कहा गया है। भवन अनुज्ञा आवेदन हेतु किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया लिया जाएगा।

### अब नहीं लगेंगे ये शुल्क

परियोजना के अंतर्गत चयनित हितग्राही कमजोर आय वर्ग से आते हैं, इसलिए उनके भवन निर्माण अनुज्ञा प्रकरणों की स्वीकृति के लिए भवन विकास शुल्क, अनुज्ञा शुल्क तथा अन्य शुल्क से मुक्त किया गया है। आदेश में कहा गया है कि परियोजना के क्रियान्वयन के लिए प्रावधान के तहत भवन अनुज्ञा जारी कर तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ किया जावे. जिससे नगर के सुनियोजित विकास की दृष्टि से कोई विपरीत स्थिति निर्मित न हो। परियोजना का क्रियान्वयन भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप हो एवं तदनुसार प्रस्तावित स्थल लाभार्थी आधारित निर्माण घटक के लिए उपयुक्त हो।

### मकान ऐसी जगह बने कि हटाना न पड़े

प्रस्तावित स्थल स्थायी आवासीय बस्ती मोहल्ला के रूप में स्थापित हो तथा भविष्य में अन्यत्र व्यवस्थापन किया जाना प्रस्तावित न हो। प्रस्तावित निर्माण से नगर हेतु प्रस्तावित मुख्य मार्ग, मार्ग चौड़ीकरण, बायपास निर्माण, नाला, प्राकृतिक जल स्त्रोत, बाढ प्रभावित क्षेत्र एवं सार्वजनिक उपयोग प्रयोजन हेतु स्वीकृत स्थल प्रभावित न हो। एफआरए भूमि विकास नियम 1984 विकास योजना के प्रावधान अनुसार होगा। पहुंच मार्ग की चौड़ाई न्यूनतम 3.50 मीटर मान्य होगी। प्रस्तावित भवन निर्माण की ऊँचाई भूमि विकास नियम की धारा 62 के अनुसार सामने के खुला क्षेत्र (फ्रंट सेटबैक) सहित विद्यमान मार्ग चौड़ाई के 1.50 गुने से अधिक नहीं होगी।

### हाईटेंशन लाइन से दूर रहे मकान

प्रस्तावित भवन निर्माण से विद्युत लाइन (एचटीएलटी) की न्यूनतम दूरी भूमि विकास नियम 1984 के नियम के प्रावधानों के अनुसार रखा जाना अनिवार्य होगा। भवन में खुली सीढ़ी का निर्माण, घुमावदार सीडी निर्माण एवं पार्किंग का निर्माण का प्रावधान आगे की ओर खुले क्षेत्र में इस प्रकार किया जाये जिससे भवन के सामने स्थित मार्ग, नाली आदि अधोसंरचना में बाधा उत्पन्न न हो। हितग्राही के आवास में यदि पूर्व से किसी योजना अंतर्गत पक्के शौचालय का निर्माण किया गया है तो आवास निर्माण के नक्शे में इस प्रकार शामिल किया जाये कि इसे क्षतिग्रस्त करने की आवश्यकता न हो। भवन अनुज्ञा आवेदन के साथ नगरीय निकाय के लंबित कर एवं शुल्क जमा करने की अनिवार्यता को शिथिल किया गया है, लेकिन नियमानुसार वसूली की कार्यवाही अप्रभावित रहेगी।

# अब शुरू होगा एक पेड़ मां के नाम 2.0



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम 2.0 शुरू किया जा रहा है। यह अभियान छत्तीसगढ़ में भी संचालित होगा। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार के निर्देश पर राज्यभर में पेड़ लगाने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### इस तरह लगाए जाएंगे पौधे

विद्यालयों शिक्षण संस्थानों एवं इको क्लब द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपणों के साथ साथ राज्य वन विभाग, वन विकास निगम एवं अन्य एजेंसियों द्वारा भी एक पेड़ मां के नाम 2.0-अभियान के तहत पूर्व वर्ष की भांति वृक्षारोपण किया जाना है। राज्य वन विभाग की ओर से प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख विभाग के अंतर्गत अभियान के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी होंगे तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास योजना) सभी विभागों के मध्य समन्वय का कार्य करेंगे।

### केंद्र की योजनाओं से भी होगा काम

इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं और मिशन जैसे- मनरेगा, जल शक्ति अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन और राष्ट्रीय ग्रीन हाईवे मिशन जैसे प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों को भी इस अभियान के अनुसार संरेखित(अलाइन) करने का प्रयास करने कहा गया है। इस कार्य मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, जल संसाधन विभाग तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जानी होगी।

### यहां रहेगा फोकस

केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अभियान का फोकस इस ओर रहेगा। विद्यालय/शिक्षण संस्थानों के प्रांगण, हेरिटेज, तीर्थ स्थल, नगर वन, पार्क, ग्रीन बेल्ट, राष्ट्रीय, राज्य राजपथ एवं प्रमुख सड़कें, जल संरचना, कैचमेंट एरिया, नदी तट, रिचार्ज जोन, नहर, अमृत सरोवर आदि शामिल है जिनमें या जिनके आसपास प्राथमिकता से वृक्षारोपण किया जा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को भी अभियान में शामिल किया जाएगा। अभियान के सुचारू क्रियान्वयन, रिपोर्टिंग और अनुश्रवण में कलेक्टर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में स्थापित जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा अन्तर्विभागीय समन्वय, निर्धारित प्रारूप में लक्ष्य का निर्धारण, कार्ययोजना निर्माण, रोपण, रिपोर्टिंग और अनुश्रवण का कार्य किया जाएगा।

# 25 से 30 जून तक खाद, बीज के लिए कांग्रेस करेगी सोसाइटी में प्रदर्शन

## स्थिति नहीं सुधरी तो कलेक्टर कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, खाद, बीज, उर्वरक विशेषकर डीएपी और एनपीके की कमी का पूरे प्रदेश में संकट है, सरकार ध्यान नहीं दे रही। सरकार जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ रही है। न समय पर खाद की रेक की व्यवस्था कर पाये, न सोसाइटियों में भण्डारण की व्यवस्था हुई।

खरीफ की बोनी का समय आ चुका है, किसानों को न खाद मिल रही है, न बीज। किसान परेशान हैं। किसानों की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस प्रदेश की सभी सोसाइटियों में उर्वरकों और बीज की मांग को लेकर प्रदर्शन करेगी। यह प्रदेश में 25 से 30 जून तक चलेगा। उसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरेगी तो कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।



### कमीशनखोरी के लिए चरण पादुका बांट रही

*उन्होंने कहा, कमीशनखोरी के लिए चरण पादुका पहले भी रमन सरकार में बांट रहे थे, तब किसी को एक पैर में 6 नंबर, एक पैर में 8 नंबर का चप्पल देते थे। केवल कमीशनखोरी के लालच में गुणवत्ताहीन जूता-चप्पल खपाने का षड़यंत्र रचा गया है। हमने नकद देना शुरू किया था, भाजपा की सरकार आने के बाद जनता की गाढ़ी कमाई कमीशनखोरी की भेट चढ़ाना फिर से शुरू कर दिया है।*

### सरकार के संरक्षण में रेत माफिया हावी

उन्होंने कहा, समोदा, आरंग, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, कुरूद, राजनांदगांव सहित प्रदेश में रेत माफिया का आतंक दिनों दिन बढ़ते जा रहा। बिना सरकार के संरक्षण के पूरे प्रदेश में इस प्रकार की घटनाएं नहीं घट सकती है। शासन में बैठे सत्तारूढ़ दल के नेता खनन माफिया को संरक्षण दे रहे है।

### सरकार शराब की काली कमाई में लगी

उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में अवैध शराब, ओवर रेट पर शराब बिक रही, पूरी सरकार शराब की काली कमाई में लगी है। नकली होलोग्राम लगाकर सरकारी दुकान में मिलावटी शराब बेची जा रही है। दूसरे प्रदेशों से बड़ी मात्रा में नकली शराब छत्तीसगढ़ में खपाई जा रही है। कोचियों और तस्करों को ओवर रेट पर शराब की पेटियां घर पहुंचा कर दी जा रही हैं।

# रायपुर में 500 करोड़ की वक्फ की संपत्ति पर कब्जा, अब सीबीआई जांच की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के साथ रायपुर जिले में ही छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड की पांच सौ करोड़ की संपत्ति पर कब्जा है। इसको लेकर वक्फ बोर्ड लगातार एक्शन ले रहा है। 562 कब्जाधारियों को कई बार नोटिस दिया जा चुका है। इस पूरे मामले की दिल्ली में वक्फ अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात करके उनको पूरी जानकारी दी। इस मुलाकात के बाद रायपुर लौटने पर डॉ. राज ने कहा, अब इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का फैसला वक्फ बोर्ड ने कर लिया है। इसके लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। राज्य सरकार केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजकर इस मामले की सीबीआई जांच कराने का अंतिम फैसला लेगी।

प्रदेशभर में वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर वक्फ बोर्ड ने बड़ा एक्शन ले रहा है। रायपुर जिले में ही 500 करोड़ की संपत्ति की फर्जी रजिस्ट्री की बात कहते हुए बोर्ड ने 562 को नोटिस दिया था। इसमें से 125 ने समय मांगा था, बाकी को 437 को 30 मई को अंतिम नोटिस थमाया गया था। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का साफ कहना है, वक्फ की

- वक्फ के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज बोले- राज्य सरकार को भेजा जाएगा जल्द प्रस्ताव



हरिभूमि सरोकार

संपत्ति पर काबिज हैं तो किराया देना होगा नहीं तो बेदखल कर दिए जाएंगे। राजधानी रायपुर के तीन सहित रायपुर जिले के 17 लोगों के साथ किरायानामा का अनुबंध हो गया है। जिन 437 को नोटिस दिया गया है, उसमें रायपुर के भी 40 लोग शामिल हैं। इसमें राजधानी रायपुर के मालवीय रोड के लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स, एवन बेकरी, सुप्रीम फुटवियर, पगारिया ज्वेलर्स सहित कई दुकानदार शामिल हैं। वक्फ अध्यक्ष डा. सलीम राज का कहना है किसी भी हाल में वक्फ की संपत्ति पर किसी को कब्जा करने नहीं दिया जाएगा। वक्फ की एक-एक जमीन को कब्जा मुक्त कराएंगे। जो भी लोग संपत्ति वक्फ की न होने का दावा कर रहे हैं, वो गलत है। हमने सारे दस्तावेज देखने के बाद ही नोटिस जारी किए हैं।

### किया है फर्जीवाड़ा : सलीम राज

इस मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है, रायपुर के दुकानदारों के साथ ही रायपुर जिले से जिनके भी जवाब आए हैं, उन जवाबों से बोर्ड संतुष्ट नहीं है। फर्जीवाड़ा करके जमीन पर कब्जा किया गया है। उन्होंने बताया, जो खुद किराएदार रहे हैं वो भला कैसे किसी को जमीन बेच सकते हैं। पूरी तरह से फर्जीवाड़ा करके वक्फ की संपत्ति को बेचने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, प्रदेश में जहां-जहां भी वक्फ की जमीन पर कब्जा है, उसको मुक्त कराया जाएगा। बिलासपुर में भी निरीक्षण किया गया है। वहां पर जितनी संपत्ति पर कब्जा है, उनको नोटिस दिया गया। प्रदेश में अन्य जिलों में भी दौरा करके देखा जाएगा कहां पर कितनी जमीन पर कब्जा है।

### सीबीआई जांच का भेजेंगे प्रस्ताव

केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद बोर्ड ने रायपुर जिले की 500 करोड़ की संपत्ति पर अवैध कब्जे की सीबीआई जांच कारेन का फैसला किया है। जल्द ही राज्य सरकार को इसका प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे।

\- डॉ. सलीम राज
अध्यक्ष, वक्फ बोर्ड

## जेल में लखमा और भाटिया से की मुलाकात

# भूपेश ने कहा- जेल में भी दुश्मनी निभा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय जेल रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा और विजय भाटिया मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से चर्चा में कहा, लखमा और भाटिया की तबीयत खराब है, लेकिन नहीं मिल रहा इलाज। उनका सरकार पर गंभीर आरोप है कि जेल में भी निभाई जा रही दुश्मनी। कवासी लखमा और विजय भाटिया को जेल में इलाज नहीं मिल रहा है।

भूपेश बघेल ने कहा कि पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, जो कि हार्ट पेशेंट हैं, उन्हें कोर्ट के आदेश के बावजूद इलाज के लिए पुलिस बल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने इसे इंसानियत के खिलाफ बताया और कहा, क्या एक बीमार कैदी भी अब सरकार की दुश्मनी का शिकार होगा? विजय भाटिया, जो कि शराब घोटाले में सहआरोपी हैं, पहले से ही बीमार हैं। बघेल ने आरोप लगाया कि निजी अस्पताल में इलाज के लिए सुविधा उपलब्ध है, लेकिन पुलिस बल की कमी बताकर भाटिया को भी इलाज नहीं दिया जा रहा है।




### कोर्ट में रखेंगे ये मामला

पूर्व सीएम ने कहा, सरकार राजनीतिक प्रतिशोध के तहत व्यक्तिगत दुश्मनी निभा रही है, जो लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मामले को कोर्ट में उठाया जाएगा और जनता के सामने सरकार का चेहरा उजागर किया जाएगा।

# राशनकार्ड का 30 जून तक ई-केवाईसी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत सरकार के एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में आधार प्रमाणीकरण आधारित खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू करने हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े सभी राशन कार्डधारकों के परिवार के सदस्यों का ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना आवश्यक किया गया है। बताया गया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 81.56 लाख राशन कार्ड प्रचलन में हैं, जिनमें 2.73 करोड़ सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से 2.35 करोड़ सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है, जबकि लगभग 38 लाख सदस्यों का ई-केवाईसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ई-केवाईसी से छूट प्रदान की गई है।



### खाद्य सचिव ने दी ये जानकारी

खाद्य सचिव रीना कंगाले ने जानकारी दी कि राज्य की सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीनों के माध्यम से ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा विकसित मेरा ई-केवायसी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से भी हितग्राही अपने स्मार्टफोन से घर बैठे स्वयं ई-केवायसी कर सकते हैं। मेरा ई-केवाईसी एप के माध्यम से ई-केवाईसी करने हेतु एंड्रॉयड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवाईसी कर सकते है। उन्होंने सभी राशन कार्ड धारकों से अपील की है कि 30 जून 2025 की अंतिम तिथि से पूर्व अपना और परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करवा लें, जिससे खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## खबर संक्षेप

### टेमरी में शराब दुकान का ग्रामीणों ने किया विरोध



**रायपुर।** रायपुर के निकट स्थित ग्राम टेमरी में नई शराब दुकान खोलने का स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में विरोध कर रहे हैं और इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को स्थानीय निवासियों का समूह और समाजसेवी मनोज बंजारे ने कलेक्ट्रेट में जाकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें टेमरी में शराब दुकान खोलने की बात पर आपत्ति जताई गई। वहां के निवासी इस बात का विरोध कर रहे हैं कि इतने सुंदर शांत गांव में शराब दुकान खोलने की क्या आवश्यकता है? इससे ग्राम का माहौल खराब हो जाएगा और अनावश्यक रूप से शांति भंग होगी। उन्होंने कहा कि, गांधीजी के मार्ग पर चलते हुए शांति पूर्वक विरोध प्रदर्शन किया है और आगे भी इस बात का विरोध जारी रहेगा।

### अंकसूची वितरण आज

**रायपुर।** हाईस्कूल और हायरसेकंडरी कक्षाओं की अंकसूची का वितरण आज किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिले-बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद के समन्वय केंद्रों में एवं रायपुर जिले के मंडल मुख्यालय से इसका वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही नवमी कक्षा के नामांकन कार्ड भी वितरित किए जाएंगे।

## निधन

### विमला तिवारी



**रायपुर।** चौबे कॉलोनी सहकारी मार्ग गली नंबर-2 निवासी विमला तिवारी (80) का 19 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 जून को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे कल्पना योगेश तिवारी की माता और दिव्यांश की दादी थीं।

# डेढ़ करोड़ की लागत से पंडरी कपड़ा बाजार में बनेगी मेकेनाइज्ड पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने पंडरी कपड़ा मार्केट में बहुप्रतीक्षित मेकेनाइज्ड पार्किंग और नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट परियोजना का भूमिपूजन किया।

डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट पंडरी में लोगों की सुविधा के लिए पार्किंग बनायी जायेगी, जिसमें 24 कारों के रखने की व्यवस्था रहेगी। पार्किंग का स्ट्रक्चर तैयार करने 70 लाख रुपये की लागत से कार्य कराया जायेगा। नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट एनएनटी परियोजना के अंतर्गत ऑफ स्ट्रीट पार्किंग के लिए भी पक्के क्षेत्र का निर्माण और रोड मार्किंग की जाएगी। दरअसल, राजधानी के पंडरी कपड़ा मार्केट में पार्किंग की समस्या होने से मुख्य मार्ग में सड़क किनारे गाड़ियों की अव्यवस्थित रूप से पार्किंग होने से ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों परेशान रहे। यही नहीं, मुख्य मार्ग की ओर नियम विपरीत दुकानों का शटर खोलकर कारोबार करने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। हाल ही में महापौर मीनल चौबे ने पंडरी कपड़ा मार्केट का निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ स्थल निरीक्षण कर मुख्य मार्ग की ओर नियम विपरीत दुकानों का शटर खोलकर कारोबार करने वाले 19 दुकानदारों की दुकानों की सीलबंदी कराई। इस दौरान उन्होंने प्रभावित व्यापारियों से चर्चा कर पार्किंग की समस्या दूर करने सहयोग मांगा। बाजार क्षेत्र में पार्किंग की समस्या को देखते हुए अब कम स्पेस में नागरिकों को मेकेनाइज्ड पार्किंग की सुविधा दिलाने महापौर मीनल चौबे ने रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और निगम सभापति सूर्यकांत राठौर के साथ भूमिपूजन किया। इसी श्रृंखला में नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट परियोजना के तहत 61 लाख रुपये की लागत से ऑफ स्ट्रीट पार्किंग, पैदल पथ, रोड मार्किंग और स्मार्ट ट्रैफिक साइनेज जैसी सुविधाएं विकसित की जायेगी।

### महापौर मीनल चौबे ने किया भूमिपूजन



#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर वित्त विभाग अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार, जोन 3 अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. प्रमोद साहू, पंडरी कपड़ा बाजार व्यवसायी संघ अध्यक्ष सरल मोदी, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर,पीडी धृतलहरे, आर्किटेक्ट जाकिर खान, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता विनोद देवांगन, सहायक अभियंता शैलेन्द्र पटेल, उप अभियंता अर्जिता दीवान सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

### 50 फीसदी बांट पाए, 30 के बाद नहीं मिलेगा

# नई मशीनें बनी मुसीबत, तीन माह के राशन वितरण में लग रहा आधा घंटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को तीन महीने का एक साथ चावल बांटने में राशन दुकान संचालकों का पसीना छूटने लगा है। वहीं हितग्राहियों को भी राशन लेने के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। वितरण में हो रही देर का कारण दुकानों को बांटी गई नई ई-पॉश मशीनें हैं। इस मशीन में एक हितग्राही को तीन महीने का चावल वितरण करने में 6 बार एंट्री करानी पड़ रही है, जिससे आधा घंटे तक का समय लग रहा है।

इधर दूसरी ओर रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में अभी तक 50 फीसदी, तो कहीं उससे भी कम चावल बांटा जा सका है। इस तरह छूटे हितग्राहियों को चावल वितरण के लिए अब महज 11 दिन ही शेष हैं, क्योंकि केंद्र और राज्य के आदेश के अनुसार तीन महीने का चावल चालू माह में ही शत प्रतिशत वितरण किया जाना है, जिसकी संभावना कम है। ऐसी स्थिति में छूटे हितग्राही चावल से वंचित रह जाएंगे तथा इनके कोटे का चावल लैप्स हो जाएगा।



#### 30 तारीख तक वितरण का आदेश

तीन माह का चावल एक साथ वितरण करने के लिए 30 जून तक का समय दिया गया है। प्रयास है कि तय तारीख तक शत प्रतिशत हितग्राहियों को चावल वितरित कर दिया जाएगा। इसके बाद भी अगर हितग्राही छूट जाते हैं, तो आदेश जारी होने पर ही बांटा जाएगा।

- **भूपेंद्र सिंह,** खाद्य नियंत्रक, रायपुर

#### 60 प्रतिशत भंडारण 50 प्रतिशत वितरण

रायपुर जिले में कुल 708 उचित मूल्य की दुकानें हैं। इनमें शहरी क्षेत्र में 291 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 417 दुकानें हैं। इसी प्रकार जिले में राशन कार्ड धारकों की कुल संख्या 645724 है। इनमें शहरी क्षेत्र में 354222 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 291502 कार्ड धारक हैं। विभागीय अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार जिले में संचालित दुकानों में अभी तक 60 प्रतिशत चावल का भंडारण किया जा चुका है, जिसमें से 50 प्रतिशत चावल का वितरण भी हो चुका है। शेष 40 प्रतिशत भंडारण एवं 50 प्रतिशत वितरण किया जाना है।

#### नई ई-पॉश मशीन की साइज छोटी, इंटरनेट की स्पीड भी धीमी

दुकान संचालकों का कहना है कि एक जून से तीन महीने का चावल वितरण करने का आदेश है। इस आदेश के तहत चालू माह खत्म होने के पहले शत-प्रतिशत कार्ड धारकों को तीन महीने का चावल वितरण किया जाना है। इस आदेश के तहत हितग्राहियों को तीन माह का चावल वितरण तो किया जा रहा है, लेकिन वितरण के दौरान नई ईपॉश मशीन में एंट्री करने में काफी परेशानी आ रही है। मशीन की साइज पुरानी मशीन की तुलना में काफी छोटी है, साथ ही साफ्टवेयर की इंटरनेट स्पीड भी कम है, जिससे एक हितग्राही की 6 बार एंट्री कराने में आधा घंटे तक का समय लग जा रहा है। यही कारण है कि दुकान में दिनभर हितग्राहियों की लाइन लग रही है।

#### 11 दिनों में नहीं बांट पाए तो लैप्स

खाद्य विभाग के पास राशन दुकानों के माध्यम से 50 प्रतिशत बचे चावल को वितरण करने के लिए अब मात्र 11 दिन बचे हैं। इन दिनों में अगर शत प्रतिशत चावल वितरण नहीं किया गया, तो कई हितग्राही तीन माह के चावल से भी वंचित रह जाएंगे। हालांकि विभागीय अधिकारी दावा कर रहे हैं कि समय-सीमा में शत प्रतिशत हितग्राहियों को चावल वितरित कर दिया जाएगा।

#### छूटे हितग्राहियों के लिए बढ़ सकती है तारीख

विभागीय अधिकारी यह भी संभावना जता रहे हैं कि किसी कारण से अगर बड़ी संख्या में हितग्राही तीन महीने का चावल नहीं ले पाते, तो उनकी संख्या को देखकर केंद्र और शासन स्तर पर वितरण की तारीख भी बढ़ाई जा सकती है। हालांकि इस संबंध में फरमान माह के आखिरी सप्ताह में वितरण की स्थिति को देखकर किए जाने की संभावना है।

# ग्राम कुरुद में 11 हजार क्यूबिक मीटर रेत जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खनिज विभाग कीअवैध भंडारण पर दूसरे दिन भी कार्रवाई

खनिज विभाग की टीम ने दूसरे दिन भी आरंग क्षेत्र में रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई की। ग्राम कुरुद के आउटर इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर कई लोगों ने अवैध रूप से नदी से रेत निकालकर भंडारण कर रखा था। जांच में करीब 11 हजार क्यूबिक मीटर रेत को जब्ती बनाया है। इस रेत को कागजों में जब्ती बनाते हुए विभाग ने कुरुद ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दिया है। ग्राम पंचायत इस रेत का किसी भी प्रकार उपयोग या बिक्री करती है, तो इसके एवज में विभाग में रायल्टी जमा कराना होगा, लेकिन इससे पहले इसकी अनुमति भी लेनी होगी। प्रभारी खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में विभाग की टीम गुरुवार को आरंग क्षेत्र के ग्राम कुरुद पहुंची। विभाग में एक दिन पहले ही कुरुद ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों ने अपने गांव के आउटर इलाकों में अवैध रूप से रेत का भंडारण किए जाने की शिकायत की थी। यह शिकायत सही पाई गई। टीम की जांच में आउटर इलाके में कई जगह पर रेत का अवैध भंडारण मिला। टीम ने इस गांव से कुल 11 हजार क्यूबिक मीटर रेत को कागजों में जब्ती बनाया है। इसके बाद सरपंच, उपसरपंच सहित पंचायत के अन्य सदस्य एवं ग्रामवासियों की मौजूदगी में इस रेत को ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व ही विभागीय टीम ने राजस्व विभाग एवं पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में आरंग क्षेत्र के समोदा एवं कुटेला में अवैध रूप से रेत का भंडारण करने वालों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लाखों कीमत की रेत को जब्ती बनाकर ग्राम पंचायतों के सुपुर्द किया है।

## पेज 13 के शेष

### ट्रेनों में भीड़ पर...

टिकट नहीं मिलेगा। यह बदलाव देशभर में लागू हो गया है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (यात्री विपणन) शिवेंद्र शुक्ला ने सभी जोनल रेलवे को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। रेलवे का यह कदम यात्रियों को भीड़ से राहत देने और यात्रा को सुगम बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

गंतव्य के आगे के स्टेशन का ढूंढ़ सकते हैं विकल्प, ज्यादा ढीली होगी जेब

गंतव्य स्टेशन तक स्लीपर, इकोनॉमी, थर्ड एसी व सेकेंड एसी में नो रूम हो जाने पर अगले किसी स्टेशन तक का विकल्प ढूंढ़ सकते हैं।

### उर्दू स्कूल को मर्ज...

विद्यालय में मर्ज कर दिया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला हांडीपारा उर्दू माध्यम विद्यालय है, जबकि महाराणा प्रताप विद्यालय हिंदी माध्यम है। शासकीय प्राथमिक शाला हांडीपारा में छात्र संख्या 30 से कम होने के कारण इसे समीपस्थ विद्यालय में मर्ज करने का निर्णय लिया गया। लेकिन इस दौरान किसी तरह का सर्वे कार्य नहीं किया गया और ना ही स्कूलों के माध्यम का ही ध्यान रखा गया।

### सूदखोर तोमर भाइयों की...

पुलिस की अलग-अलग टीमें लगी हुई हैं। दो दशक पूर्व रायपुर की सड़कों पर खाक छानने वाले तोमर भाई वर्तमान में हाईप्रोफाइल लाइफ स्टाइल जिंदगी जी रहे हैं। तोमर भाइयों ने जो संपत्ति अर्जित की है, उनमें से ज्यादातर संपत्ति पाप की कमाई से अर्जित की है। दोनों भाइयों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसने पुलिस उनके गुर्गों के साथ उनके मददगारों को हिरासत में लेने के साथ गिरफ्तारी कर रही है। बावजूद इसके दोनों सूदखोर भाई अब तक पुलिस पकड़ से बाहर हैं।

फरारी वारंट जारी कराकर संपत्ति अटैचमेंट

दोनों सूदखोर भाइयों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके छिपने के संभावित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके दोनों भाई अब तक पुलिस पकड़ से बाहर हैं। दोनों भाइयों के नहीं पकड़े जाने की स्थिति में पुलिस दोनों भाइयों के खिलाफ कोर्ट में आवेदन पेश कर फरार घोषित कराएगी। फरार घोषित होने के बाद भी दोनों भाइयों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस सूदखोर भाइयों की संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई करने कोर्ट में आवेदन पेश करेगी। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सूदखोर भाइयों की संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई की जाएगी। सूदखोर भाइयों की करोड़ों की बेनामी संपत्ति मिलने के बाद पुलिस ने दोनों भाइयों के घर से जब्त सोने-चांदी के जेवर तथा कैश की डिटेल जानकारी आयकर विभाग के सुपुर्द करने का दावा किया था। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग को पुलिस ने तोमर भाइयों की अब तक प्राप्त संपत्ति के बारे में जानकारी नहीं दी है। आयकर विभाग के अफसरों के अनुसार उनके पास जब तक कोई डिटेल नहीं आ जाती, तब तक वे किस आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

### खिलाफ जाने वालों को...

आया है। हालांकि उस घटना की यू-ट्यूब चैनल के एंकर ने पुलिस के पास अब तक किसी प्रकार से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### तोमर भाइयों के घर...

इस संबंध में जोन कमिश्नर ने पूर्व में नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। जवाब नहीं मिलने पर गुरुवार को निगम के अफसरों ने तोमर भाइयों के घर एक और नोटिस चस्पा किया है। नोटिस का जवाब नहीं देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### धनेली-सांकरा सर्विस रोड...

कंपनियों में जाने वाले भारी मालवाहक वाहन को सांकरा गांव के तालाब के पास से मुख्य मार्ग से सर्विस रोड एप्रोच दिए जाने की मांग की थी। मालवाहक वाहन के सर्विस रोड से प्रवेश न कर सीधे हाईवे से एप्रोच मार्ग तक जाने से एक्सीडेंट पर रोक लगने की बात ग्रामीणों ने कही थी। इसके लिए अंडर पास के साथ सर्विस रोड को दोनो तरफ चरोदा तक मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए टाटीबंध -सिलतरा बायपास से धनेली-सांकरा अंडरब्रिज में उतरकर सर्विस रोड से कंपनी जाने वाले भारी मालवाहक वाहन को रोकने के लिए सीमेंट का ब्लाकर लगाकर बंद किया गया। साथ ही भारी वाहन को सर्विस रोड में जाने से रोकने सड़क किनारे गड्ढा किया गया।

### जशपुर, सूरजपुर और...

में सर्वाधिक गर्म 31 डिग्री के साथ राजनांदगांव रहा। सबसे कम तापमान 22.4 डिग्री पेंड्रा में दर्ज हुआ। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री कम 30.7 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक रहा।

### सौर सुजला योजना...

योजना में 20 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा है। वहां से प्रस्ताव की मंजूरी के बाद क्रेडा खेतों में पंप लगाने का काम करेगा। प्रदेश में अब तक एक लाख साठ हजार सोलर पंप लग चुके हैं। अंतिम साल में योजना को बंद करने के कारण महज सात हजार पंप लग पाए हैं। प्रदेश में किसान खेती के लिए कृषि पंप लगाने का काम करते हैं। ज्यादातर कृषि पंप तो बिजली से चलने वाले लगाए जाते हैं। लेकिन प्रदेश में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर बिजली की सुविधा न होने पर या किसानों के खेतों के पास बिजली के ट्रांसफार्मर और खंभे न होने के कारण कृषि पंप लगाने के लिए करीब 9 साल पहले प्रदेश में भाजपा की रमन सरकार के समय सौर सुजला योजना राज्य स्थापना दिवस पर एक नवंबर 2016 को प्रारंभ की गई थी।


### अब केंद्र सरकार की...

को सब्सिडी मिलेगी। लेकिन अभी तय नहीं है कि इसमें सब्सिडी कितनी मिलेगी। राज्य सरकार की योजना में महज 10 से 20 हजार में पंप लग जाते थे। क्रेडा के अधिकारियों के मुताबिक अब तो सोलर पंप लगाने की लागत कम हो गई है। इस समय तीन एचपी के लिए करीब ढाई लाख और पांच एचपी के लिए तीन लाख दस हजार में लगते हैं। टेंडर के बाद यह लागत और कम हो सकती है।

# सड़क के दायरे में बन रही 7 अवैध दुकानों को हटाया 4 हजार वर्गफीट में अवैध निर्माण पर कार्रवाई

- वीर सावरकर वार्ड का मामला, भूमि के दस्तावेज की स्थल पर जांच
- जेसीबी और मजदूरों की सहायता से पुलिस बल की मौजूदगी में एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम जोन 8 अमले ने गुरुवार को वीर सावरकर वार्ड में स्थल पर भूखंडों के दस्तावेजों का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समुचित दस्तावेज नहीं होने पर सड़क के दायरे में बन रही 7 अवैध दुकानों को जेसीबी मशीन से हटाने की कार्रवाई की। अवैध निर्माणकर्ता अमरचंद गोदारा की करीब 5 हजार वर्गफीट पर किये गये 7 अवैध दुकानों के निर्माण पर एक्शन लिया। इसी तरह ट्रांसपोर्ट नगर बिलासपुर हाईवे के पास पलविंदर बल द्वारा 4 हजार वर्गफीट पर किये गये अवैध निर्माण को हटाने तत्परता दिखाई। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व में अवैध निर्माण हटाओ अभियान चलाया गया। पुलिस बल की मदद से 7 अवैध दुकानों के निर्माण पर कार्रवाई की गयी। इसके साथ ही 4 हजार वर्गफीट जमीन पर किये गये अवैध निर्माण को हटाया गया। अभियान में कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता फरहज फारुखी, उप अभियंता लोचन चौहान, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की सहभागिता रही।

#### दावड़ा कालोनी में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई

नगर निगम जोन 10 की टीम ने रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड दावड़ा कालोनी में करीब 2 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की। अवैध सीसी रोड को जेसीबी मशीन से काटकर आवागमन बाधित किया गया। जोन 10 के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दावड़ा कालोनी क्षेत्र में 2 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी। जानकारी मिलते ही प्रकरण में नियम अनुसार प्रक्रिया के तहत एक्शन लिया गया है। अवैध प्लाटिंग के खिलाफ यह अभियान महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा और सहायक अभियंता योगेश यदु की उपस्थिति में चलाया गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-12**
**// आम सूचना//**

जारी दिनांक 06/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री वैभव कांत वशिष्टा पिता श्री के.के. वशिष्टा निवासी 33/325 श्याम वशिष्टा रोड सरदानी चौक सदर बाजार द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुर खास पटवारी हल्का नंबर 62 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-12 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1902/90 रकबा 0.487 हेक्टर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 27/05/2025 के परिपालन में दिनांक 24/06/2025 को समय 12.00 पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 62 के पुजारी चेंबर पचपेड़ी नाका टिकरापारा रायपुर में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-12

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ज्ञापन //**

क्रमांक/ वाचक/ अति. तहसीलदार/ 2025
रायपुर, दिनांक 17/06/2025

प्रति,
1. राजस्व निरीक्षक रायपुर- 18
2. हल्का पटवारी क्रमांक- 80
ग्राम-माना, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

विषय :- आवेदित भूमि का सीमांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदकगण 01, कमलेश कुमार साहू पिता तुलसी राम साहू निवासी शांति नगर रायपुर, 02. विजय सोनी पिता स्व. गयाराम सोनी निवासी रायपुरा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (मो. नंबर 8349442999) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम माना पटवारी हल्का नंबर 80, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 18 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 549/3 रकबा 0.208 हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर संयुक्त रुप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण द्वारा आवेदित भूमि का सीमांकन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदकगण द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख की छायाप्रति एवं वांछित सीमांकन शुल्क की राशि चालान द्वारा बैंक में जमा किए जाने के संबंध में चालान प्रति संलग्न किया है।

अतः आवेदित भूमि का सीमांकन कर प्रतिवेदन पेशी दिनांक 30/06/2025 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**
**श्रीमान समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं पूनाराम साहू उम्र 34 वर्ष पिता श्री राम चरण साहू निवासी गोकुल नगर, गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 492009 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि:-
01. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है ।
02. यह कि, मेरे कक्षा दसवी के मार्कशीट में मेरा नाम पूनाराम दर्ज है।
03. यह कि, मेरे बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, परिचय पत्र में मेरा नाम पूनाराम साहू दर्ज है।
04. यह कि, कक्षा दसवी के मार्कशीट एवं मेरे बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, परिचय पत्र में दर्ज नाम दोनों नाम मेरे स्वयं का नाम है तथा मुझे पूनाराम साहू के नाम से ही जाना पहचाना जाता है ।
05. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उपरोक्त कथनों की सत्यता के समर्थन में सक्षम अधिकारी / विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

पुनाराम साहू
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि, इस शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सत्य व सही है, अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 19/06/2025

पुनाराम साहू
सत्यापनकर्ता

**नाम परिवर्तन**
**श्रीमान समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मै छोटू साहू उम्र 49 वर्ष पिता - श्री सोनू राम साहू निवासी बिश्वास प्रोविजन स्टोर्स, विकास नगर, गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. 492009 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि :-
01. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि, मेरे कक्षा दसवी के मार्कशीट में मेरा नाम छोटू लाल साहू दर्ज है।
03. यह कि, मेरे बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, परिचय पत्र में मेरा नाम छोटू साहू दर्ज है।
04. यह कि, कक्षा दसवी के मार्कशीट एवं मेरे बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, परिचय पत्र में दर्ज नाम दोनों नाम मेरे स्वयं का नाम है तथा मुझे छोटू साहू के नाम से ही जाना पहचाना जाता है।
05. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उपरोक्त कथनों की सत्यता के समर्थन में सक्षम अधिकारी/विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

शपथकर्ता

**-: सत्यापन :-**

मै उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि, इस शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सत्य व सही है, अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 19.06.2025

छोटू साहू
सत्यापनकर्ता

HEALTH TOWN
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmultispecialityhospital@gmail.com
आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्दी, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718
रामकथा
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## कमल नारायण शर्मा को दी आदरांजलि

**रायपुर।** गुरूवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमलनारायण शर्मा की 22वीं पुण्यतिथि पर शहीद स्मारक भवन स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष नमन करने आदरांजलि कार्यक्रम रखा गया। निगम संस्कृति विभाग और जोन 2 के आयोजन में महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमल नारायण शर्मा को नमन करते हुए सभी राजधानीवासियों की ओर से आदरांजलि अर्पित की। आयोजन में निगम सभापति सूर्यकांत राठौड, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमलनारायण शर्मा की सुपुत्री सविता पाठक सहित गणमान्य जन शामिल हुए।

## मुख्य मार्ग को कब्जामुक्त करने अभियान

**रायपुर ।** स्वामी आत्मानंद वार्ड के समता कॉलोनी मुख्य मार्ग से चौबे कॉलोनी होकर गीतानगर मुख्य मार्ग तक अभियान चलाकर निगम अमले ने मुख्य मार्ग को कब्जा मुक्त कराया। कब्जाधारियों को चेतावनी देते हुए दोबारा ऐसा कृत्य नहीं करने हिदायत दी। जोन 7 अमले ने इस दौरान अवैध ठेला, गुमटी को हटाकर सुगम आवागमन का मार्ग उपलब्ध कराया।

## महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों की सफाई

**रायपुर ।** नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने जोन 4 क्षेत्र के टाउन हाल प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, शास्त्री चौक के किनारे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, कलेक्टोरेट चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी चौक, पण्डित रविशंकर शुक्ल उद्यान में अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पण्डित रविशंकर शुक्ल, ऑक्सीजोन परिसर में शहीद नन्द कुमार पटेल कैनाल लींकिंग रोड किनारे राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की मूर्तियों की सफाई समुचित संधारण की व्यवस्था करवाने के सम्बन्ध में कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह को निर्देश दिए। निगम सीमा क्षेत्र में महापुरूषों की प्रतिमा स्थल की सफाई नियमित रूप से कराने अभियान चलाया जा रहा है।

## सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता आवश्यक



**रायपुर।** युवा कांग्रेस ने प्रदेश के प्रत्येक जिलों में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी का जन्मदिवस मनाया। युवा कांग्रेस द्वारा राजधानी में सामाजिक न्याय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी गांधी मैदान में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम के दौरान यूथ कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सामाजिक न्याय के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में यह संवाद कार्यक्रम हुआ।उन्होंने कहा, राहुल गांधी द्वारा लगातार मांग उठाए जाने के कारण ही केंद्र सरकार ने जाति का जनगणना का निर्णय लिया है।

# देश के 45 शहरों के महापौर पंचकूला में जुटे, राष्ट्रीय सम्मेलन में किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर के 45 शहरों के महापौर हरियाणा के पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद के सम्मेलन में शामिल हुए। महापौर मीनल चौबे ने रायपुर शहर का प्रतिनिधित्व करते हुए शहर को स्वच्छ और सुंदर विकसित स्मार्ट सिटी बनाने संबंधी कार्यो की चर्चा की। दो दिनों तक चले विचार मंथन में प्रतिभागियों ने महापौरों के कार्यकाल में एकरूपता लाकर 5 वर्ष का कार्यकाल रखने, 74वां संविधान संशोधन लागू करने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय सम्मेलन में शिरकत करते हुए रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने रायपुर शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए शहर की गतिविधियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अयोध्या शहर की तर्ज पर रायपुर में नगर निगम यहां के मंदिरों से निकलने वाले फूलों को एकत्रित कर उससे गुलाल, अगरबत्ती सहित अन्य उत्पाद तैयार करायेगा। देशभर के महापौरों की शक्ति और अधिकार बढ़ाने के पक्ष में मीनल चौबे ने राष्ट्रीय सम्मेलन में खुलकर अपनी बात रखी।

सम्मेलन में शामिल देश के विभिन्न शहरों के महापौर ने अपने-अपने नगर निगम में साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने की जरूरत बताई। साथ ही मंच से यह बताया कि उनके यहां सफाई कर्मचारियों को अलग से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। राष्ट्रीय सम्मेलन में आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें यह बताया गया कि ज्यादातर नगरीय निकाय में आवारा कुत्तों को पकड़कर उनकी सर्जरी के बाद वापस छोड़ने की व्यवस्था है, पर इस समस्या के स्थायी समाधान करने अब तक कोई पुख्ता रणनीति नहीं बनायी गयी है। सम्मेलन में बिलासपुर नगर निगम की महापौर पूजा विधानी ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन में इस बात पर भी विस्तार से चर्चा हुई कि शहर के विकास के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों का कैसे समुचित उपयोग हो।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री से की सौजन्य मुलाकात

पंचकूला हरियाणा में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान महापौर मीनल चौबे हरियाणा के मुख्यमंत्री और सम्मेलन के मुख्य अतिथि नायब सिंह सैनी से सौजन्य मुलाकात की।

- महापौर मीनल चौबे ने किया राजधानी का प्रतिनिधित्व
- 74वें संविधान संशोधन का पूरी तरह पालन करने, महापौरों के कार्यकाल में एकरूपता लाते हुए 5 साल करने की मांग



## अफसरों की रुचि नहीं, हर साल गर्मी में पानी की समस्या से जूझते हैं ग्रामवासी

# पांच हजार परिवार पेयजल संकट से जूझ रहे, 60 एकड़ का तालाब दे सकता है राहत

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रीवा में रहने वाले करीब पांच हजार परिवार पिछले कई वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। इस गांव में पेजयल संकट को दूर करने के लिए जल मिशन योजना के तहत लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर पाइप लाइन बिछाने से लेकर पानी टंकी का निर्माण भी किया गया है, लेकिन गर्मी के दिनों में एक हजार फीट से भी नीचे जल स्तर जाने के कारण टंकी में पानी ही नहीं भर पा रहा है, जिससे यह योजना भी यहां के लोगों को राहत पहुंचा नहीं पाई है।

गांव के लोगों की मांग है कि उनके गांव में 60 से भी ज्यादा एकड़ का तालाब है। इस तालाब का पानी गर्मी के दिनों में उपयोग में लाया जा सकता है। इसके लिए गांव में फिल्टर प्लांट लगाने की जरूरत है, लेकिन इस दिशा में पीएचई के अफसर रुचि तक नहीं ले रहे हैं, जिसके कारण ग्रामवासी हर साल गर्मी के सीजन में पानी की समस्या से जूझते आ रहे हैं।

### पीने का पानी दूसरे गांव से लाने ग्रामीण मजबूर

*इस क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर ने कहा कि ग्राम रीवा की पांच हजार से अधिक आबादी है। इस गांव के लोग विगत वर्षों से शुद्ध पेजयल के लिए तरस रहे हैं। गांव में 60 से ज्यादा एकड़ का तालाब है, जो गर्मी के सीजन में भी भरा रहता है, लेकिन गांव में भू-जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। इस कारण से गांव में लगे कई बोर भी सूख कर बंद हो चुके हैं। नए बोर खनन के लिए आवेदन देने के बाद भी गांव में बोर किए नहीं गए हैं, जिसके कारण गांव के लोगों को पीने का पानी दूसरे गांवों से लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।*



### सामान्य सभा की बैठक में उठ चुका रीवा का मुद्दा

वतन चंद्राकर ने रीवा में व्याप्त गंभीर पेयजल संकट का मुद्दा हालही में कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में हुई जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी जोरशोर से उठाया। उन्होंने कहा कि आरंग में 8 एकड़ का तालाब है। इसके बाद भी वहां फिल्टर प्लांट लगाया गया है, लेकिन ग्राम रीवा में 60 से ज्यादा एकड़ का तालाब होने के बावजूद फिल्टर प्लांट लगाने के लिए पीएचई विभाग के अफसर कोई पहल नहीं कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने जिला पीएचई अफसर अनिल बच्चन को घेरते हुए कहा कि वे चाहे तो गांव में फिल्टर प्लांट का प्रस्ताव बनाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत दे सकते हैं, लेकिन वे रुचि तक नहीं ले रहे हैं।



### कलेक्टर को भी ज्ञापन

इस मामले में जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर ने कलेक्टर गौरव सिंह को भी ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के जरिए उन्होंने रीवा गांव में व्याप्त पेयजल की गंभीर समस्या को दूर करने के लिए फिल्टर प्लांट स्थापित कराने की मांग की है।

### आरंग विधायक ने कहा- प्लान बनाकर दी जा सकती है राहत

ग्राम रीवा में पेयजल की गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने भी जिला पंचायत की सामान्य सभा में चर्चा के दौरान पीएचई अफसर को निर्देश दिए है कि गांव कोई भी हो पानी की समस्या को दूर करना विभाग का काम और जिम्मेदारी है, इसलिए जल्द से जल्द प्लान तैयार कर पानी की समस्या को दूर की जाए।

# एस्काट्र्स सर्विस का झांसा देकर स्टूडेंट्स से 91 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पेमेंट का स्क्रीन शॉट भेजकर की ठगी
- कालेज छात्र को लड़कियों के नाम से ब्लैकमेल कर बनाया ठगी का शिकार

खमतराई में एक कालेज छात्र ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ एक्साट्र्स सर्विस तथा लड़कियों के नाम से बदनाम करने का झांसा देकर 91 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने कालेज छात्र को अपने झांसे में लेने के लिए पेमेंट ट्रांसफर का स्क्रीन शॉट भेजा। स्टूडेंट द्वारा अकाउंट चेक करने पर किसी तरह से पेमेंट नहीं आने पर अपने पैसे वापस मांगे, तब जालसाज ने स्टूडेंट को ब्लैकमेल कर ठगी का शिकार बनाया।

सन्यासीपारा निवासी अंकुश सिंह ने थाने में अज्ञात के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अंकुश ने पुलिस को बताया है कि उसके पास 11-12 जून की रात अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर एस्काट्र्स सर्विस से जुड़ा होना बताया। अज्ञात जालसाज ने अंकुश को उसके अकाउंट में 13 हजार रुपए ट्रांसफर कर सर्विस देने के लिए कहा। अंकुश ने उसके द्वारा इस तरह किसी भी प्रकार की बुकिंग नहीं किए जाने की बात कहने पर जालसाज ने अंकुश से कहा उसके पास पैसा ट्रांसफर होने का जो मैसेज आया है, उक्त रकम को वह वापस लौटा दे। इस पर अंकुश ने मैसेज चेक किया, तो उसके अकाउंट में 13 हजार रुपए ट्रांसफर होने का मैसेज आया था। इसके बाद अंकुश ने जालसाज के बताए अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर दिया। अकाउंट की जांच करने पर अंकुश ने पाया कि उसके अकाउंट में किसी ने पैसे ट्रांसफर नहीं किया है।

### पैसा मिलने के बाद किया ब्लैकमेल

ठगी का शिकार होने के बाद अंकुश ने जालसाज के पास कॉल कर अपने पैसे वापस मांगे, तो जालसाज ने अंकुश को उसके द्वारा ट्रांसफर की गई रकम को आधार बनाकर एस्काट्र्स के माध्यम से युवतियों से संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए उसे बदनाम करने की धमकी देते हुए और पैसों की मांग की और अपने अलग-अलग अकाउंट में और 78 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया।

## अग्रवाल सभा के अध्यक्ष के लिए नामांकन का आखिरी दिन, 11 फार्म लिए

**रायपुर।** 29 जून को होने वाले अग्रवाल सभा रायपुर अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन फार्म लेने का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। इस दिन 11 लोगों ने नामांकन फार्म लिये। इस तरह तीन दिनों में 18 नामांकन फार्म अध्यक्ष पद के लिए लिये गये। इसके लिए चुनावी प्रक्रिया 17 जून से शुरू हुई है। मुख्य चुनाव अधिकारी रमेशचंद्र अग्रवाल, सहायक चुनाव अधिकारी विनय बजाज, प्रमोद जैन ने बताया कि नामांकन फार्म 20 जून शाम 4 बजे तक जमा करने का समय दिया गया है। गुरुवार को केवल एक फार्म समता कालोनी निवासी जयकिशन जाखोदिया द्वारा जमा किया गया।

- फार्म जमा करने 20 जून शाम 4 बजे तक का समय

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष के नामांकन फार्म लेने के अंतिम दिन 11 फार्म लिए गए। नामांकन फार्म लेने वालों में ब्रिज अग्रवाल,हरिवल्लभ अग्रवाल, विशंभर अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल, शंकर नगर निवासी अशोक अग्रवाल, गीतांजलि नगर निवासी अशोक अग्रवाल, सुरेश गोयल, संजय चौधरी और मोहनलाल अग्रवाल शामिल हैं। नाम वापसी के लिए 21 जून की तारीख निर्धारित की गयी है। इसके बाद भी यह तय होगा कि अध्यक्ष पद के लिए कितने दावेदार चुनाव मैदान में उतरे हैं। विदित हो कि अग्रवाल सभा में 14,499 पंजीकृत सदस्य हैं , जो कि तीन साल के लिए अपने पसंद का अध्यक्ष चुनने मतदान करेंगे। मतदान और मतगणना की प्रक्रिया राजधानी के जवाहर नगर स्थित अग्रसेन भवन में पूरी होगी। वहीं संपूर्ण चुनावी प्रबंधन अग्रसेन धाम परिसर छोकरानाला में किया जाएगा।

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने किया तत्पर 2.0 लांच




**रायपुर।** अपने भविष्य निधि सदस्यों-कर्मचारियों को सहज सुलभ एवं तत्परता से सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए संकल्पित कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने मृत कर्मचारियों के परिजनों को तुरंत भविष्य निधि लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से तत्पर 2.0 पोर्टल लांच किया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 जयवदन इंगले ने बताया कि तत्पर पोर्टल 2.0 एक डिजिटल प्लेटफार्म है जो मृत कर्मचारियों के परिवारों को सामाजिक सुरक्षा लाभ जैसे भविष्य निधि, पेशन, ईडीएलआई बीमा राशि शीघ्रातिशीघ्र प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य है उन भ.नि. सदस्यों के परिवारों की त्वरित सहायता करना जिनकी मृत्यु किन्ही कारणवंश आकस्मिक रूप से हुई है।

कुस पोर्टल का मुख्य लाभ यह होगा कि इससे मृत कर्मचारी के परिवार के श्रम और समय की बचत होगी और घर बैठे ही ऑनलाइन माध्यम से ईपीएफओ की सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है। उन्होंने अपने सभी सदस्यों, नियोक्ताओं एवं पेशनरों से यह अपील करते हैं कि वे अपने संज्ञान में आने वाले भ.नि. सदस्यों की आकस्मिक मृत्यु की दशा में उपलब्ध जानकारी अविलंब इस पोर्टल में प्रदान करें, जिससे मृत कर्मचारी के परिवार को आर्थिक संकट का सामना न करना पडे।

# बिजली की कीमत बढ़ाने का जनसुनवाई में विरोध, कांग्रेस ने लालटेन के साथ किया प्रदर्शन

- 60 लाख घरेलू उपभोक्ता, कांग्रेस के अलावा और कोई उपभोक्ता नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में एक बार फिर से बिजली की कीमत बढ़ने वाली है। इसको लेकर बिजली नियामक आयोग ने गुरुवार से जनसुनवाई प्रारंभ की है। कीमत बढ़ाने का विरोध करने के लिए प्रदेश के 60 लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से सिर्फ पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के साथ कांग्रेस के नेता ही भारी संख्या में पहुंचे। इन्होंने लालटेन लेकर आयोग के दफ्तर के सामने प्रदर्शन भी किया। इसके अलावा एक भी घरेलू उपभोक्ता कीमत बढ़ाने का विरोध करने नहीं पहुंचा। कृषि की बिजली महंगी न करने का विरोध करने के लिए हमेशा की तरह किसानों के कुछ प्रतिनिधि पहुंचे और अपनी बात रखी।

बिजली नियामक आयोग में दो सदस्यों के खाली पदों पर नियुक्ति के बाद अब 2025-26 के नए टैरिफ को लेकर जनसुनवाई प्रारंभ की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य वितरण पॉवर कंपनी ने आयोग को 45 सौ करोड़ घाटे की याटिका लगाकर बिजली की कीमत बढ़ाने की मांग रखी है। इस पर फैसला करने से पहले ही जनसुनवाई की जा रही है। इसके बाद तय होगा कि कितनी कीमत बढ़ेगी। बीते साल भी बिजली की कीमत बढ़ाई गई थी।





### लालटेन के साथ प्रदर्शन

नियामक आयोग के सामने अपनी बात रखने से पहले कांग्रेसी नेताओं ने आयोग के दफ्तर के सामने लालटेन लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रमोद चौबे, कन्हैया अग्रवाल, श्री कुमार मेनन, आकाश तिवारी,कमलाकांत शुक्ला, सुनील बाजारी, प्रशांत ठेंगड़ी, शीनू, देवकुमार साहू, ईश्वरी नामदेव, संदीप तिवारी, विनोद कश्यप, कुणाल दुबे, अनिल रायचूरिया, शीतेंद ठाकुर, अजय निषाद, प्रीति सोनी, विकास अग्रवाल,डोमेश शर्मा, शाहरुख अशरफी, अभिषेक ठाकुर, वेद प्रकाश कुशवाहा, हर्षित जायसवाल सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

### कृषि में कीमत न बढ़ाने की मांग

जनसुनवाई में किसानों की तरफ से राजकुमार गुप्ता ने कृषि की बिजली की कीमत न बढ़ाने की मांग रखी। इसी के साथ किसानों को बिजली को लेकर हो रही परेशानी को भी सामने रखा। बताया गया कि प्रदेश में कई गांवों में लोवोल्टेज के कारण बहुत परेशानी होती है। गैर घरेलु वर्ग में कुछ उपभोक्ताओं ने अपनी समस्या के बारे में आयोग के सामने बात रखी।

### कांग्रेस की कीमत न बढ़ाने की मांग

कांग्रेस शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी विद्युत विनियामक आयोग में बिजली की दरों में वृद्धि को लेकर की जा रही जनसुनवाई में लालटेन और चिमनी लेकर पहुंचे। श्री उपाध्याय ने बताया, छत्तीसगढ़ सर प्लस बिजली उत्पादन वाला प्रदेश रहा है लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से लेकर आज तक बिजली विभाग का हाल बेहाल है और लगातार बिजली की दरों में वृद्धि की जा रही है। इसी के साथ सुविधा के नाम पर बिजली विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं है और लगातार बिजली कटौती, लो वोल्टेज से छत्तीसगढ़ की जनता परेशान है। श्री उपाध्याय ने कहा, सरकारी विभागों पर ही ढाई हजार करोड़ का बकाया है। आम जनता का 500 रुपए भी बाकी होने पर बिजली विभाग बिजली कट कर देता है। जनसुनवाई भी चोरी छुपे की जा रही है। जबकि सरकार की पूरी मंशा बन चुकी है बिजली की दर को बढ़ाने की। कांग्रेस की तरफ से विकास उपाध्याय और गिरीश दुबे ने नियामक आयोग के सामने बिजली कीमत न बढ़ाने की मांग रखी।

बिजनेस साइट

# किफायती कीमत में दमदार परफॉर्मेंस वाली 'होंडा शाइन 100' बनी लोगों की पहली पसंद

**रायपुर।** दोपहिया वाहन बाजार में उपभोक्ताओं की पहली पसंद 'होंडा शाइन 100' बनती जा रही है। बजट सेगमेंट में इस बाइक ने अपनी परफॉर्मेंस, माइलेज और भरोसेमंद तकनीक के दम पर खुद को एक बेहतरीन विकल्प के रूप में स्थापित किया है।

होंडा शाइन 100 में कंपनी ने 100सीसी का कंप्लायंट इंजन दिया है, जो फ्यूल इंजेक्शन तकनीक से लैस है। यह इंजन कम घर्षण के साथ अधिक ईंधन दक्षता और स्मूथ राइडिंग अनुभव प्रदान करता है। खास बात यह है कि यह बाइक विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय हो रही है, जो रोज़ाना लंबे सफर तय करते हैं और बेहतर माइलेज की उम्मीद रखते हैं। बाइक का आकर्षक डिजाइन इसे सेगमेंट में सबसे अलग बनाता है। स्टाइलिश अलॉय व्हील्स, शार्प ग्राफिक्स और मॉडर्न फ्रंट काउल इसे एक फ्रेश और यंग लुक देते हैं। वहीं, डायमंड फ्रेम और छोटा टर्निंग रेडियस इसे तंग रास्तों और शहरी ट्रैफिक में चलाने के लिए उपयुक्त बनाते हैं।




# स्कूल और रिहायशी इलाके डूंडा में शराब दुकान का संचालन, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




डूंडा शराब दुकान को बंद करने की मांग को लेकर पिछले चार-पांच दिन से आंदोलनरत कालोनीवासी एवं बस्तीवासियों ने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने जांच कराकर शराब दुकान कहीं और शिफ्ट करने का आश्वासन दिया है।

स्थानीय लोगो ने बताया कि पूर्व में उक्त दुकान डूंडा बस्ती में खोली गई थी, स्थानीय लोगों के विरोध पर उक्त दुकान कालोनी के नजदीक खोल दी गई है। शिक्षण संस्थान, मंदिर एवं रिहायशी इलाके में शराब दुकान के खुलने से युवा वर्ग में बिगाड तो पैदा होगा। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों को भी अनेक असुविधाओं का सामना करना पडेगा तथा इससे धार्मिक भावनाएं भी आहत होगी। स्थानीय लोगो ने कहा, शासन तत्काल इस पर कार्यवाही कर शराब दुकान को शिक्षण संस्थान, मंदिर एवं रिहायशी इलाके से कहीं दूर स्थानांतरित करें अन्यथा हम सभी उग्र आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से चंद्रहास निर्मलकर, सजमन बाग, तीरथ यादव, सूरज जांगडे, सुरेश धीवर, चोवाराम साहू, पवन साहू, मोती साहू, धीरज जैन, राजेश साहू, पुरूषोत्तम साहू, अजय जांगडे आदि उपस्थित थे।

- दुकान बंद करने कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



04



सिर्फ 5 रुपए की इस चीज से ...


## सिटी लाइव

### पशुपालन, किचन गार्डन, नर्सरी, बायो रिसोर्स सेंटर से बनेगी लखपति दीदी



**रायपुर।** जिला पंचायत रायपुर के मार्गदर्शन में महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना के तहत आरंग विकासखंड के 20 गांवों में एकीकृत विकास की अभिनव पहल की गई है। इस योजना के तहत 4 क्लस्टरों में 250–300 परिवारों को दो या अधिक आजीविका गतिविधियों से जोड़कर लखपति दीदी बनाया जाएगा। अभी तक विकासखण्ड में 1400 हितग्राहियों का चयन, ग्राम में कार्यरत कैडर सीआरपी द्वारा किया जा चुका है। कृषि संबद्ध सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन प्रत्येक क्लस्टरों में स्थापित आजीविका सेवा केन्द्र के द्वारा किया जाएगा, जिसका संचालन एक सफल उद्यमी दीदी करेगी। चयनित उद्यमी को परियोजना से ब्याज रहित ऋण की पात्रता है। क्लस्टर में स्थापित आजीविका सेवा केन्द्र से हितग्राहियों को विविध सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसमें पोल्ट्री, पशुपालन, किचन गार्डन, मछली पालन, नर्सरी, बायो रिसोर्स सेंटर, पशु स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि इनपुट सहयोग एवं एफपीसी के माध्यम से बाज़ार उपलब्धता शामिल हैं।

#### 1400 हितग्राहियों का चयन

जिला पंचायत रायपुर की नई पहल एमकेएसपी योजना के तहत 20 गांवों को मिलेगा लाभ, आरंग विकासखंड में 1400 हितग्राहियों का चयन। सफल उद्यमी दीदी करेंगी क्लस्टर आजीविका सेवा केंद्र का संचालन, 4 क्लस्टरों में 1200 परिवारों को बनाई जाएंगी लखपति दीदी। महिला किसान सक्तीकरण परियोजना से कलक्टरवाइस आत्मनिर्भर बनने अभिनव पहल साबित हो रहा है। इससे खास कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को महिलाओं के माध्यम से नई सुधार की दिशा में कामयाबी के रूप में देखा जाएगा।

स्कूलों में समग्र शिक्षा के अंतर्गत 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं में 12 प्रकार के व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित

# इंजीनियर, डॉक्टर, बैंक एप्लॉयर, ड्रेस डिजाइनर बनने की नींव हो रही मजबूत, स्कूलों में वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई

शिक्षा विभाग स्कूली छात्र-छात्राओं को हाईस्कूल लेवल से ही जॉब-ओरिएंटेड बनाने की दिशा में बड़ा प्रयोग कर रहा है। इसके लिए समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रदेश भर में चुनिंदा हायर सेकंडरी स्कूलों में कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को सैद्धांतिक कोर्स के साथ उनके रुचि के एक एडिशनल वोकेशनल कोर्स की प्रैक्टिकली पढ़ाई कराई जा रही है। इससे यहां के स्कूली बच्चे 9 कक्षा से ही इंजीनियरिंग, हॉस्पिटलिटी, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विविध जॉब-ओरिएंटेड क्षेत्रों से जुड़ी विषयों की बेसिक नॉलेज को बढ़ा रहे हैं।

**रायपुर।** इन वोकेशनल कोर्स में हेल्थकेयर, आटोमोटिव इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस एंड एंश्योरेंस, होमसाइंस एंड ड्रेस डिजाइनिंग जैसे विविध रोजगारमुखी ट्रेंड शामिल हैं। प्रदेश के चुनिंदा स्कूलों में शहर की भी कुछ प्रमुख स्कूलें शामिल हैं, जहां इस तरह की वोकेशनल कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इससे यहां के स्कूली बच्चे इन वोकेशनल कोर्स से अपने इंजीनियर, डॉक्टर, बैंक एंप्लायर, इंटिरियर व ड्रेस डिजाइनर बनने के सपनों को पंख देने का प्रयास कर रहे हैं। यहां स्कूलों में वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई किस तरह से कराई जा रही है? स्कूली छात्र-छात्राओं में इन कोर्सेस को लेकर कितनी रुचि हैं? इन सवालों को जानने हरिभूमि की टीम शहर के गवर्मेंट दानी गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल कालीबाड़ी पहुंची, जहां स्कूल प्राचार्य, वोकेशनल कोर्स प्रशिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने जानकारी दी।



### अलग से स्पेशल क्लास रूम और लैब

गवर्मेंट दानी गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान ने बताया कि स्कूल में समग्र शिक्षा के अंतर्गत 9वीं से 12वीं कक्षा तक वोकेशनल कोर्स पढ़ाई जा रही है। हमारे स्कूल में वोकेशनल कोर्स के दो ट्रेड पहला हेल्थकेयर और दूसरा सूचना प्रौद्योगिकी कोर्स संचालित हो रहे हैं। इसके लिए अलग से क्लास रूम और आधुनिक लैब, वोकेशनल कोर्स प्रशिक्षक शिक्षक उपलब्ध कराया जा रहा है।

### शहर के इन प्रमुख स्कूलों में संचालित हैं ये कोर्सेस

गवर्मेंट संत कंवरराम गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल कटोरा तालाब, गवर्मेंट हायर सेकंडरी स्कूल मठपुरैना, गवर्मेंट मायाराम सुरजन गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल चौबे कॉलोनी, गवर्मेंट प्यारे लाल यादव हायर सेकंडरी स्कूल, गवर्मेंट जेएन पांडे हायर सेकंडरी स्कूल, गवर्मेंट पीजी उमाठे गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल शांति नगर, गवर्मेंट जेआर दानी गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल, गवर्मेंट हायर सेकंडरी स्कूल चंगोराभाठा प्रमुख रूप से स्कूल शामिल हैं।

### प्रत्येक ट्रेड में 40 सीटें निर्धारित

स्कूल की वोकेशनल ट्रेनर पूजा दुबे ने बताया कि आईटी ट्रेड में 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक कक्षा के लिए 40 सीटें निर्धारित हैं। वर्तमान में सभी कक्षाओं के मिलाकर करीब 146 छात्राएं वोकेशन कोर्स पढ़ रही हैं। वहीं, स्कूल की हेल्थकेयर ट्रेनर आकांक्षा देव ने बताया कि उनके विभाग में कक्षा 9वीं से 12वीं मिलाकर कुल 154 छात्राएं पढ़ाई कर रही हैं। वोकेशनल ट्रेनरों ने बताया कि बच्चों को साल में दो बार संबंधित क्षेत्र से जुड़े संस्थाओं जैसे अस्पतालों व बैंकिंग सेक्टर, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों व इंस्टीट्यूट का विजिट कराया जाता है।



### 12 प्रकार के वोकेशनल कोर्सेस पढ़ा रहें

स्कूलों में संचालित वोकेशनल कोर्स में आटोमोटिव मोटरवाहन इंजीनियरिंग, रिटेल खुदरा व्यपार, आईटी सूचना प्रौद्योगिकी/ आईटीईएस सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर, बीएफएसआई बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विस एंड एंश्योरेंस, टेलीकॉम, ब्यूटी एंड वेलनेस, प्लंबिंग, परिधान निर्माण व होम साज-सज्जा, कंस्ट्रक्शन जैसे जॉब ओरिएंटेड कोर्सेस पढ़ाए जा रहे हैं।

### छात्रों में वोकेशनल शिक्षा के प्रति जबरदस्त रुचि

गवर्मेंट दानी गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल की 10वीं कक्षा ई सेक्शन की अलका गिलहरे व कनक साहू ने बताया कि वे 9वीं कक्षा से हेल्थकेयर वोकेशन की पढ़ाई कर रही हैं, जो बहुत ही रुचिकर व रोजगारमुखी लग रही है। वहीं, कक्षा 10वीं एफ सेक्शन की गितिका देवांगन व गुंजन बुनकर ने बताया कि वे आईटी ट्रेड में सूचना प्रौद्योगिकी पढ़ रही हैं। इससे वाकई में हमारा बेसिक नॉलेज काफी इंप्रूव हुआ है। इधर इंदिरा गांधी, जिला कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा ने बताया कि 2024 से पहले तक 26 स्कूलों में समग्र शिक्षा से संबंधित वोकेशनल कोर्स का संचालन किया जा रहा था। लेकिन, इन स्कूलों में वोकेशन कोर्सेस को लेकर छात्र-छात्राओं की बढ़ती रुचि को देखते हुए शिक्षा विभाग ने 2024-25 शिक्षा सत्र से जिले के अन्य 63 स्कूलों में भी समग्र शिक्षा के अंतर्गत वोकेशन कोर्सेस का संचालन शुरू किया है। इस तरह अब जिले के कुल 88 स्कूलों में समग्र शिक्षा के अंतर्गत वोकेशन कोर्सेस संचालित हो रहे हैं।

## सिटी इवेंट

### जून के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी शासकीय फूड टेक्नोलॉजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन विकसित करने के उद्देश्य से वर्ष 2020 में कॉलेज ऑफ फूड टेक्नोलॉजी, रायपुर की स्थापना की गई। यह संस्थान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित हो रहा है और प्रदेश का एकमात्र शासकीय फूड टेक्नोलॉजी कॉलेज है। महाविद्यालय के प्रयासों से प्रथम बैच 2024 के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को फूड इंडस्ट्री से प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला। वहीं, 2025 बैच के 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को उपाधि पूर्ण होने से पहले ही जॉब ऑफर प्राप्त हो चुका है। चूंकि, अधिकांश फूड इंडस्ट्रीज फूड टेक्नोलॉजिस्ट के बिना कार्य नहीं कर सकतीं, यह कोर्स रोजगारोन्मुखी है। पाठ्यक्रम की फीस प्रति सेमेस्टर लगभग 15,500 है। कॉलेज ऑफ फूड टेक्नोलॉजी, रायपुर में प्रवेश प्रक्रिया जून 2025 के अंतिम सप्ताह में शुरू होगी। अधिक जानकारी के लिए व्हाट्सएप नंबर 9425525249 पर संपर्क करें।

#### प्रदेश का पहला शासकीय फूड टेक्नोलॉजी कॉलेज

**कोर्स की जानकारी** : बी.टेक (फूड टेक्नोलॉजी)

**पाठ्यक्रम अवधि** : 4 वर्ष (8 सेमेस्टर)

**कुल सीटें: 36**

**मान्यता** : पाठ्यक्रम का सिलेबस भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित है।

**प्रवेश योग्यता:-**

- 12वीं (गणित, भौतिकी, रसायन और अंग्रेजी के साथ उत्तीर्ण)
- प्रवेश परीक्षा : पीईटी 2025 या जेईई मेंन्स 2025 की मेरिट के आधार पर
- प्रदेश के आरक्षण नियमों के तहत प्रवेश प्रक्रिया संचालित होती है। सीट रिक्त रहने पर अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को भी नियमानुसार प्रवेश दिया जा सकता है।

#### मुख्य अध्ययन विषय

- विद्यार्थियों को खाद्य प्रौद्योगिकी से जुड़े इन प्रमुख विषयों का अध्ययन कराया जाता है।
- फूड इंजीनियरिंग
- फूड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी
- फूड केमिस्ट्री
- फूड माइक्रोबायोलॉजी
- फूड क्वालिटी एश्योरेंस
- फूड प्लांट ऑपरेशन्स
- फूड बिज़नेस मैनेजमेंट
- साथ ही सामान्य मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का भी आधारभूत ज्ञान दिया जाता है।



#### एनईपी2020 के तहत वैकल्पिक निकास

*नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी यदि -*

- 2 सेमेस्टर पूरा कर लेते हैं, तो उन्हें 1 वर्षीय सर्टिफिकेट प्रदान किया जा सकता है।
- 4 सेमेस्टर और 4 सप्ताह की इंटर्नशिप पूर्ण करने पर 2 वर्षीय डिप्लोमा प्राप्त किया जा सकता है।
- इन योग्यताओं के आधार पर छात्र फूड इंडस्ट्री में रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बनते हैं।

# भारत में 2 करोड़ लोग सिकलसेल से पीड़ित देश में जागरूकता की कमी बड़ी चुनौती

**रायपुर।** सिकलसेल रोग की गंभीर चुनौती से निपटने फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में सिकलसेल को वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती मानते हुए इसके उन्मूलन की रणनीतियों पर चर्चा की गई। डॉ. विकास दुआ, प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं हेड - पीडियाट्रिक हीमेटोलॉजी, हीमेटो-ऑंकोलॉजी और बीएमटी ने भारत की आदिवासी और उच्च जोखिम वाली आबादी पर इसके प्रभाव को विशेष रूप से रेखांकित किया।

उन्होंने बताया कि दुनिया में सिकलसेल रोग, एससीडी के साथ जन्म लेने वाले बच्चों की सर्वाधिक संख्या भारत में दर्ज की जाती है। हर वर्ष लगभग 15,000 से 25,000 बच्चे इस विकार के साथ पैदा होते हैं। यह रोग विशेष रूप से जनजातीय आबादी को प्रभावित करता है, जिससे इस समुदाय में बीमारी और मृत्यु दर अधिक पाई जाती है। एससीडी के कारण एनीमिया, शारीरिक पीड़ा, अंगों को नुकसान और जीवन प्रत्याशा में कमी जैसे गंभीर प्रभाव देखे जाते हैं।




### गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ अधिक प्रभावित

डॉ. विकास दुआ ने कहा कि भारत सिकलसेल रोगियों की संख्या के मामले में विश्व में दूसरे स्थान पर है। देश में इस बीमारी से लड़ने की सबसे बड़ी चुनौती आम लोगों में जागरूकता की कमी है। यदि मौजूदा पीढ़ी में इसकी रोकथाम संभव हो सके, तो इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह रोग गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल के कुछ क्षेत्रों में आम है। साथ ही तमिलनाडु, केरल, दक्षिण भारत और तेलंगाना के कुछ हिस्से भी प्रभावित हैं। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार, भारत में करीब 2 करोड़ लोग सिकलसेल से पीड़ित हैं, फिर भी यह आनुवंशिक रक्त विकार अपेक्षित ध्यान नहीं पा रहा है।

## मदन मोहन की जन्मशताब्दी पर 'महफ़िल की एक हसीन शाम' 29 को

**रायपुर।** फिल्मी दुनिया के प्रसिद्ध संगीतकार स्व. मदन मोहन जी की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में उनके द्वारा स्वरबद्ध अविस्मरणीय गीतों और ग़ज़लों को समर्पित एक विशेष संगीतमय संध्या का आयोजन 29 जून, रविवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 6:30 बजे रायपुर स्थित वृन्दावन सभागृह में आयोजित होगा। इस संगीतमय शाम में नागपुर और रायपुर के प्रतिष्ठित एवं युवा कलाकार अपनी स्वरांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पंडित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान, रायपुर की शाखा महफ़िल द्वारा किया जा रहा है, जो विगत 13 वर्षों से संगीत के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित रूप से कार्यरत है। संस्थान के निदेशक दीपक व्यास ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की सूत्रधार होंगी अंचल की प्रसिद्ध उद्घोषिका एवं साहित्यकार शुभ्रा ठाकुर, जो स्व. मदन मोहन जी के फिल्मी योगदान पर प्रकाश डालेंगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है, परंतु केवल प्रवेश पत्र के माध्यम से ही मान्य किया जाएगा। इच्छुक श्रोता संस्था के बूढ़ापारा स्थित कार्यालय से अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।



शहर की दुकानों में कम दाम पर उपलब्ध हैं पुरानी किताबें, स्टूडेंट्स को मिल रही मदद

# आधी कीमत में मिल रही स्कूल-कॉलेज की पुरानी किताबें, दिल्ली अहमदाबाद से मंगवाई जा रही सीबीएसई-एनसीईआरटी बुक्स

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए सेकेंड हैंड किताबें शिक्षा की राह आसान बना रही हैं। जहां नई किताबों की कीमत हर साल बढ़ती जा रही हैं, वहीं पुरानी सेकेंड हैंड किताबें जरूरतमंद छात्रों के लिए एक किफायती दाम पर उपलब्ध कराया जा रहा। शहर के सदर बाजार में कई ऐसी दुकानें हैं जहां कक्षा 6 से लेकर कॉलेज स्तर तक की पुरानी किताबें सस्ते दामों में उपलब्ध हैं। दुकानदार सेकेंड हैंड किताबें आधे दाम पर खरीद भी रहे हैं, इससे छात्रों को मात्र 20 से 30 प्रतिशत कीमत में ही संपूर्ण पाठ्यक्रम की किताबें मिल जाती हैं।



सदर बाजार स्थित दुकानदारों का कहना है कि जुलाई-अगस्त के महीनों में सेकेंड हैंड किताबों की मांग बहुत बढ़ जाती हैं। ऐसे अभिभावक जो अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च बड़ी मुश्किल से उठा पाते हैं, उनके लिए ये किताबें राहत देती हैं। शहर के दुकानदार भारी संख्या में किताब और कुंजी की खरीदी करते हैं, और उन्हें कम दाम पर उपलब्ध कराते हैं। इस वर्ष कॉलेज और स्कूल के पाठ्यक्रम निर्धारित होने के बाद यह सिलसिला तेजी से चलने लगेगा।

### बाजार में सेकेंड हैंड किताबों की डिमांड

जैन बुक डिपो से अमोल जैन ने बताया कि ने बताया कि सेकेंड हैंड किताबों में 40-50 प्रतिशत का डिस्काउंड दिया जाता है, वहीं खरीदी के दौरान 10 से 50 प्रतिशत के आधार पर रकम तय की जाती है। इसमें कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं तक की किताबें शामिल हैं, जो सबसे अधिक उपयोग खरीदी जाती हैं। दुकान में केवल स्कूल की किताबें खरीदी जाती हैं। एक सत्र में लगभग 50-100 खरीदार खरीदी करते हैं। इन दिनों बाजारों में सेकेंड हैंड किताबों की डिमांड कम नहीं हुई है। मध्यम वर्गीय परिवार के सदस्य किताब और कुंजी की खरीदी करते हैं।



### जून-जुलाई में सबसे अधिक खरादी-बिक्री

पुस्तक भंडार से दुकान संचालक वीरेन्द्र सिंग ने बताया कि सालों से सेकेंड हैंड किताबों की खरीदी-बिक्री का सिलसिला चलता आ रहा। हर साल पाठ्यक्रमों के आधार पर यह तय किया जाता है। स्कूल और कॉलेज के नए पाठ्यक्रम होने पर पुरानी किताबें नहीं खरीदी जाती हैं। वहीं, पुरानी किताबों को स्थिति के आधार पर कम दामों में खरीदा जाता है। जून-जुलाई में सबसे अधिक किताबें खरीदी-बेची जाती हैं।

### जरूरत पड़ने पर अन्य राज्यों से किताबों की खरीदी

अजंता बुक डिपो से सत्यम चौहान ने बताया कि खरीदारों की डिमांड पर एनसीईआरटी और सीबीएसई की किताबें दिल्ली और अहमदाबाद से मंगाई जाती हैं। जिसमें 9वीं से 12वीं कक्षा तक की किताबें शामिल हैं, जिसे 30 से 50 प्रतिशत डिस्काउंड में बेची जाती है। दुकान में स्कूल और कॉलेज के सभी विषयों की किताबें शामिल हैं। जरूरत पड़ने पर बाहर से ऑडर देकर किताबें मंगाई जाती हैं। इन दिनों कॉलेज की किताबें सबसे अधिक खरीदी जाती हैं, जिसमें मेडिकल, पॉली, इंजीनियरिंग, बीए, पीजी, कम्प्यूटर शामिल हैं।

## सिटी लाइव

## स्वास्थ्य, जलवायु और स्टार्टअप्स पर केंद्रित होंगे यंग इंडियंस के आगामी आयोजन



**रायपुर।** यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर की तीसरी एग्जीक्यूटिव काउंसिल मीटिंग होटल सयाजी में संपन्न हुई। बैठक में पिछले छह महीनों में किए गए कार्यों और परियोजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी छह महीनों के लिए योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। आगामी समय में आयोजित होने वाली प्रमुख गतिविधियों में युवा उत्सव, दिव्य उत्सव, विकलांग विद्यार्थियों के लिए रोज़गार मेला, विकलांग युवाओं के लिए हेल्थ वीक, क्लाइमेट एक्शन वीक, वार्षिक दिवस समारोह तथा एंटरप्रेन्योरियल इवेंट, जुलाई में मुंबई में आयोजित शामिल हैं।

### अनुभव साझा कर सदस्यों को प्रेरित किया

बैठक में कुल 49 सदस्यों ने भाग लिया। चैप्टर चेयर गौरव अग्रवाल और को-चेयर पंकज सोमानी ने फोरम को संबोधित किया और आगामी गतिविधियों के लिए दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, पूर्व चेयरमैन भी इस अवसर पर उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने अनुभव साझा कर सदस्यों को प्रेरित किया। यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर, राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता आ रहा है और यह बैठक उसी संकल्प को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही।

● योग दिवस पर सैकड़ों की संख्या में शहरवासी करेंगे सामूहिक योगाभ्यास

# योग से निरोग बनने स्कूल, कॉलेज, सोसाइटी, उद्यानों में दिखेगी अनुलोम-विलोम, प्रणायाम की विविध मुद्राएं

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर में तैयारी तेज हो चुकी है। दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए शहर में बड़ी संख्या में योगाभ्यास किया जा रहा है। शहर के स्कूल, महाविद्यालय, सामाजिक संगठनए मैदान, गार्डन में निशुल्क रूप से योगाभ्यास किया जा रहा। इस वर्ष योग दिवस पर 21 जून को शहर में सुबह 5 बजे से 8 बजे तक निरंतर योग किया जाएगा। सैकड़ों की संख्या में योग प्रेमी ध्यान, प्राणायाम, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कुर्सी आसान, कटी चक्रासन, तितली आसन, गोमुखासन आसन सामूहिक रूप से करेंगे। महाविद्यालयों में व्याख्यान, शिखर सम्मेलन व संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। योग प्रेमी अनोखे अंदाज में स्विमिंग पूल पर भी योग के आसन करने जा रहे हैं।



***इंडोर स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास :*** जेआर दानी शासकीय कन्या विद्यालय में बीते एक सप्ताह से योग दिवस की तैयारी निरंतर जारी है, जिसके लिए रोजाना स्कूल परिसर में अभ्यास किया जा रहा। 21 जून को मिडिल स्कूल की छात्राएं स्कूल परिसर में सुबह 6 बजे शामिल होंगी। वहीं, हाईस्कूल की छात्राएं इंडोर स्टेडियम में योगाभ्यास के लिए शामिल होंगी।

### योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर कार्यक्रम

होली हाट्र्स एजुकेशन अकादमी सिविल लाइन में रोजाना सामूहिक योगाभ्यास किया जा रहा। 21 जून को सुबह 7 बजे ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कुर्सी आसान, कटी चक्रासन, तितली आसन, गोमुखासन, प्राणायाम व भ्रामरी आसन की किया जाएगा। इस वर्ष 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा, जिमसें वसुधैव कुटुंबकम को आधार मानकर जानकारी दी जाएगी।



***तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन :*** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के वैश्विक प्रभाव विषय पर तीन दिवसीय वैश्विक योग शिखर सम्मेलन 19-21 जून तक एसआरयू परिसर में होगा। कला संकाय के योग विभाग और छत्तीसगढ़ योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा। शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य लोगों तक योग के महत्व को पहुंचाना है।

### मेडिकल कॉलेज, मेकाहारा, दुर्गा कॉलेज और एम्स में योगाभ्यास

योग दिवस पर भारतीय योग संस्थान के 35-40 केंद्रों में सामूहिक रूप से योग किया जाएगा। इस मौके पर संस्थान के सदस्य श्रीकृष्ण नगर मैदान पहाड़ी चौक, डब्ल्यू आर एस कॉलोनी, शिवसाई हनुमान मंदिर गायत्री नगर, सेल टैक्स कॉलोनी गार्डन, आनंद नगर गार्डन, अवंति विहार गणेश मैदान, प्रियदर्शिनी नगर कंधकोटा भवन, मेडिकल कॉलेज, मेकाहारा, दुर्गा कॉलेज और एम्स अस्पताल में सुबह 5:30 से 7:30 तक योग प्रशिक्षण देने पहुंचेंगे। वहीं, 22 जून को संस्थान के लगभग 60 से अधिक केंद्रों के सदस्य आपस में मिलकर गुजराती स्कूल देवेन्द्र नगर में भव्य आयोजन कर रहे हैं।

***कोसा आर्मी के साथ एनसीसी कैडेट्स की तैयारी :*** एनसीसी ग्रुप रायपुर के लगभग 1500 कैडेट्स स्कूल, कॉलेज में योगाभ्यास कर रहे हैं। इसमें रायपुर से 400 कैडेट्स की तैयारी बीते 15 दिनों से लगातार जारी है। इस वर्ष कैडेट्स कोसा आर्मी के साथ तैयारी कर रहे हैं। जहां उन्हें जीवन में योग का महत्व, मूल्य, अनुशासन एवं नेतृत्व की जानकारी दी जा रही है। जेसीआई वामा केपिटल के सदस्य 21 जून को सामूहिक योग प्रशिक्षण के लिए शामिल होंगे। इस मौके पर सुबह 7:30 बजे प्रिया डांस स्टूडियो में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

***स्कूल-कॉलेज में योग प्रशिक्षण :*** शिवम एजुकेश्नल अकादमी में सुबह 7-8 बजे तक योग किया जाएगा, जिसमें कक्षा 6 वीं से 12 वीं के विद्यार्थियों की उपस्थिति रहेगी। इस मौके पर 300 छात्र-छात्राएं योग प्रशिक्षक के कहे अनुसार योग करेंगे। एनएच गोयल स्कूल में रोजाना योगाभ्यास किया जा रहा। इस दौरान 21 जून को लाइव योगाभ्यास किया जाएगा, जिसमें 500 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। छत्रपति शिवाजी स्कूल में सामूहिक योगाभ्यास किया जा रहा। आयुर्वेदिक कॉलेज में योग दिवस के अवसर पर मरीज, विद्यार्थी, प्राध्यापक, अधिकारी एवं शहरवासी सामूहिक रूप से योगाभ्यास करते हैं। योग दिवस पर सुबह 6 बजे विभाग के मुख्या की उपस्थिति में योगाभ्यास आयोजित किया जाएगा।

***आज शाम सरस्वती शिक्षा संस्थान में संगोष्ठी :*** विश्व आयुर्वेद परिषद छत्तीसगढ़ इकाई एवं छत्तीसगढ़ महिला मंच के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा। जिसका विषय सम्पूर्ण स्वास्थ्य योग एवं आयुर्वेद है। शुक्रवार 20 जून को शाम 5 बजे सरस्वती शिक्षा संस्थान रोहणीपुरम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान डॉ. शताब्दी पांडे और डॉ. मोरहर लहेजा कार्यक्रम को संचालित करेंगे।

***समता कॉलोनी एवं दावाड़ा कॉलोनी में निशुल्क प्रशिक्षण :*** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योगाभ्यास गायत्री शक्तिपीठ, समस्य प्रज्ञापीठ एवं प्रज्ञा मण्डल द्वारा आयोजन किया जा रहा। इस दौरान समता कॉलोनी एवं दावाड़ा कॉलोनी में लगभग 15-20 जून से योग प्रशिक्षण दिया जा रहा। नूतन स्कूल में 1 जून से सामूहिक योगाभ्यास की तैयारी रोजाना सुबह हो रही। शनिवार को सुबह 5 बजे से योगा स्कूल परिसर में होगा।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय और दिशा कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय नेशनल सेमीनार का आयोजन किया जा रहा। विप्र महाविद्यालय के सभागर में 20-21 जून को 'रोल ऑफ योगा प्रेक्टिस इन द डेवलपमेंट ऑफ फिजिकल एंड मेंटल एबिलिटी ऑफ प्लेयर' विषय पर शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग द्वारा सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे रविवि के कुलसचिव डॉ. अंबर व्यास की उपस्थिति में की जाएगी।

## आराधना

## पशु सखियों की 16 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ, विषय विशेषज्ञों ने दिए प्रजेंटेशन



**रायपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में पशु सखियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र में 16 दिवसीय ए-हेल्प एक्रीडिटेड एजेंट फॉर हेल्थ एंड एक्सटेंशन ऑफ लीवस्टॉक प्रोडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें 25 पशु सखियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे वे ग्रामीण स्तर पर पशुओं में आने वाली छोटी-छोटी बीमारियों को ठीक करने, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं अन्य कार्यों में पशु चिकित्सा विभाग एवं ग्रामीणों के मध्य एक सेतु का कार्य कर सकें। इसके साथ-साथ पशुओं के पोषण संबंधी जानकारियों से भी गांवों में पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ा सकें। इस कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. गौतम रॉय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर के द्वारा प्रशिक्षण की रूपरेखा तथा प्रशिक्षण के विषयों से संबंधित जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के विषय में वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रायपुर कुमार बिश्वरंजन, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में पशु सखियों से कहा कि प्रशिक्षकों से अधिक से अधिक प्रश्न करें तथा प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाते हुए इतना ज्ञान प्राप्त कर लें कि छोटी-छोटी समस्याओं के लिए ग्रामीणों को पशु चिकित्सकों की आवश्कता ना हों, बल्कि पशु सखियां अपने स्तर पर ही उनका निदान करने में सक्षम हो जाएं। इस अवसर पर अतिथियों के साथ डॉ. विक्रम पाठक, अतिरिक्त उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग, नीलेश सिंह बघेल, जिला परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, डॉ. स्वाति पारधी, डॉ. प्रेम शंकर तिवारी, डॉ. राजेश अग्रवाल, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर उपस्थित रहे।

### विषय विशेषज्ञों ने साझा किया अनुभव

कार्यक्रम में उपस्थित अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय डॉ. आरती गुहे ने पशु सखियों को प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं, अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर नारी शक्ति की एक मिसाल पशु चिकित्सा को लेकर ग्रामीण स्तर पर बनाने की बात कही। डॉ. एसएस टूटेजा, निदेशक विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने कृषि विज्ञान केन्द्र की इस प्रशिक्षण में भूमिका के सम्बंध में जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षण की गुणवत्ता के विषय में पशु सखियों को जानकारी देते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से पशु सखियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। डॉ. एसएल उइके, संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा प्रशिक्षण के दौरान पशु सखियों को दी जाने वाली जानकारी के विषय में बताया गया तथा पशु चिकित्सा विभाग से पशु सखियों को निरंतर सहयोग तथा समय- समय पर और भी आवश्यक मार्गदर्शन देने की बात कही।

# शिवमहापुराण में भक्तों ने लगाई श्रद्धा की डुबकी जल-बेलपत्र से किया महादेव का अभिषेक

### बाबा के दर्शन से मिलती है मुक्ति



**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में चल रहे श्री शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ के नौवें दिन गुरुवार को आचार्य श्री जयप्रकाश तिवारी अयोध्या वाले ने भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग की महत्ता का वर्णन कर दिव्य पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि महादेव इतने शांत और सरल है कि उन्हें केवल जल और एक बेलपत्र से भी प्रसन्न किया जा सकता है। लेकिन, यदि मन में छल हो, किसी के लिए दुर्भावना हो, द्वेषभाव हो तो महादेव की कृपा प्राप्ति कतई नहीं होगी।



आचार्य श्री ने व्यासपीठ से बताया कि शिवमहापुराण सहित कई धार्मिक ग्रंथों में ये कहा गया है कि, भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों की उपासना करने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और उन्हें सुख एवं समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। द्वादश ज्योतिर्लिंग, भगवान शिव के 12 पवित्र मंदिर हैं, जो सनातन धर्म में बहुत अधिक महत्व रखते हैं। इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन, पूजन और आराधना से भक्तों के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और उन्हें शिव भक्ति का फल मिलता है, साथ ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

***महाकालेश्वर*** *: जीवन में अकारण भय बना रहता है तो बाबा महाकाल के दर्शन करने से आपके जीवन से सभी प्रकार के भय से मुक्ति मिल जाएगी। सभी प्रकार के डर समाप्त हो जाएंगे।*

***काशी विश्वनाथ*** *: इंसान अपने जीवन में किसी न किसी तरह कर्मों के बंधन में बंधा रहता है। यदि आप अपने कर्मों के बंधन से मुक्त होना चाहते हैं तो आपको वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ धाम में बाबा के दर्शन करने चाहिए।*

***बैजनाथ*** *: यदि लंबे समय से आपके साथ कोई रोग जुड़ा हुआ है, जिससे आपको निजात नहीं मिल पा रही है, तो रोग मुक्ति की प्रार्थना के लिए आपको बैजनाथ धाम में बाबा के दर्शन करने चाहिए। इससे अतिशीघ्र आपको रोग से लाभ होगा।*

***त्रंबकेश्वर*** *: इच्छित लाभ और मनोकामना की पूर्ति के लिए आपको त्रंबकेश्वर में महादेव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने चाहिए। सच्चे मन से बाबा के दर्शन करने से आपकी सभी इच्छाएं पूर्ण हो जाएंगी।*

***सोमनाथ*** *: धन और शांति की प्राप्ति की कामना के लिए आपको सोमनाथ में बाबा के दर्शन करने चाहिए। सच्ची श्रद्धा से प्रार्थना करने से बाबा आपकी झोली धन से भर देंगे और जीवन में खुशहाली होगी।*

***घृष्णेश्वर*** *: जीवन में लोगों की अनेकों कष्ट बने रहते हैं, तमाम तरीके की समस्याएं आती हैं। उन सबसे मुक्ति के लिए और समृद्धि की कामना करते हुए आपको बाबा के दर्शन करने चाहिए। इससे आपके जीवन में सुख और समृद्धि में वृद्धि होगी।*

***रामेश्वरम*** *: मृत्यु के उपरांत स्वर्ग की इच्छा वाले लोगों को रामेश्वरम में भगवान के दर्शन करने चाहिए। मान्यता है रामेश्वरम में महादेव के दर्शन करने से स्वर्ग की प्राप्ति होती है।*

# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान



**रायपुर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कमलनारायण शर्मा की पुण्यतिथि पर गुरुवार को वृंदावन हॉल में व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात मिश्र व सविता पाठक ने की। व्याख्यान में प्रमुख वक्ता के रूप में लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघु ठाकुर उपस्थित रहे, जिन्होंने कमलनारायण शर्मा के जीवन के संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सिहावा आंदोलन में कमल नारायण शर्मा की भूमिका का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने उनके साथ बिताए पलों को याद किया और बताया कि वे आपातकाल की स्थिति के विरोध में सड़क पर उतरे थे। इस दौरान जनता की सेवा और उनकी अपील को प्रभावी ढंग से बताने का प्रयास किया था।

### कमलनारायण शर्मा के जीवन के संघर्षों पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान शहर के अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद किया गया। साथ ही उनके उत्तराधिकारियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर माणिक लाल चतुर्वेदी , सर्वेश्वर प्रसाद मिश्र, पंकज लाल तिवारी, नंद किशोर पांडेय, रघुनाथ खण्डेलवाल, पाण्डुरंग गजानंद राव उमाठे, कन्हैया लाल बाजारी, नारायण प्रसाद कश्यप, बद्री प्रसाद कश्यप, मगन लाल बागड़ी एवं नारायण प्रसाद नथानी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया गया। सनातनी हित में कार्य करने के लिए आर्यव्रत संस्थान और राष्ट्र प्रथम सहित एक पहल और दिव्यज्योति समाज सेवी संस्था को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मातृभूमि की रक्षा में उत्कृष्ठ सेवा के लिए कार्य करने वाले सेना के अधिकारी सूबेदार मेजर गोवर्धन शर्मा सहित साहित्य के लिए रामेश्वर शर्मा, विधिक क्षेत्र में बेहतर योगदान देने के लिए उनके सानिध्य प्राप्त अधिवक्ता अम्बर शुक्ला और किसान नेता भूपेन्द्र शर्मा, पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए पत्रकार विजय मिश्रा और आशीष ठाकुर का सम्मान किया गया।

# आज केवल हिंदू संस्कृति ही विश्व में शेष बची है, बाकी प्राचीन संस्कृतियां लुप्त हो चुकी



**रायपुर।** पं. माधवराव सप्रे जयंती के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल रायपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उन्हें स्वदेशी विचारधारा का आधार और हिंदी की आत्मा बताया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ मित्र और छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि व छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि सप्रे जी न केवल हिंदी साहित्य के स्तंभ थे, बल्कि उन्होंने स्वदेशी विचार को पत्रकारिता और साहित्य में सशक्त रूप से स्थान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आजादी के बाद पत्रकारिता से स्वदेशी विचारों का लुप्त होना चिंता का विषय है। हिंदी ने देश को आजादी के आंदोलन के समय और उसके बाद एक सूत्र में बांधे रखा। मुख्य वक्ता और वीणा पत्रिका, इंदौर के संपादक राकेश शर्मा ने कहा कि पं. माधवराव सप्रे और उनके समकालीन साहित्यकारों ने स्वदेशी भावना और भारतीय संस्कृति को जीवित रखा। उन्होंने कहा कि आज केवल हिंदू संस्कृति ही विश्व में शेष बची है, बाकी प्राचीन संस्कृतियां लुप्त हो चुकी हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राजनीति ने हिंदी के विकास में बाधाएं उत्पन्न की हैं, फिर भी भारतीय संस्कृति आज वैश्विक स्तर पर नैतिकता का प्रतीक बनी हुई है।

### हिंदी और मराठी दोनों भाषाओं को समृद्ध किया

समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. चित्तरंजन कर ने कहा कि पं. सप्रे का स्मरण भारतीय लेखन की परंपरा की ओर ले जाता है। उन्होंने साधन नहीं, साधना को महत्व दिया और छत्तीसगढ़ में अनुवाद परंपरा को जन्म दिया। वे नवजागरण के अग्रणी लेखक थे और भाषा की शक्ति को पहचानते हुए सार्थक लेखन करते रहे। विशिष्ट अतिथि गिरीश पंकज ने सप्रे जी की बहुभाषिक प्रतिभा को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी मातृभाषा भले मराठी थी, लेकिन उन्होंने जीवन भर हिंदी और मराठी दोनों भाषाओं को समृद्ध किया। उन्होंने कहा कि सप्रे जी छत्तीसगढ़ की समृद्ध साहित्यिक पत्रकारिता के प्रतिनिधि थे। छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय, मुंबई के कुलपति डॉ. केशरीलाल वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई संस्थाओं ने हिंदी भाषा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बल दिया और सप्रे जी एक कुशल संगठक के रूप में उभरे।



सिटी स्पोर्ट्स

## धन संबंधी समस्या से मिलेगा छुटकारा शास्त्रों की बात



शुक्रवार का दिन धन की देवी लक्ष्मी की पूजा के लिए बहुत खास और शुभ है। देवी लक्ष्मी धन-वैभव की देवी हैं। शुक्रवार का दिन माता लक्ष्मी की असीम कृपा पाने के लिए बहुत उत्तम है। इस दिन माता लक्ष्मी की पूरे विधि-विधान से पूजा, व्रत और कुछ खास उपाय करने से धन संबंधी सारी समस्याएं दूर हो जाती हैं। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। ज्योतिष शास्त्र में कुछ ऐसे उपायों के बारे में बताया गया है। जिन्हें शुक्रवार के दिन करने से हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। तो आइए जानते हैं, शुक्रवार के दिन किए जाने वाले उपायों के बारे में...

### शुक्रवार के उपाय

शुक्रवार की सुबह गुलाबी रंग के कपड़े पहनकर माता लक्ष्मी की पूजा करें। साथ ही उनके मंत्रों और 12 नामों का जाप करें। ऐसा करने से धन संबंधी सारी समस्याएं दूर हो जाती हैं। स्थिर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। दरिद्रता कोसों दूर चली जाती हैं।

### श्री लक्ष्मी द्वादश नाम स्तोत्र


ईश्वरीकमला लक्ष्मीश्चलाभूतिर्हरिप्रिया। पद्मा पद्मालया सम्पद् रमा श्रीः पद्मधारिणी।।

द्वादशैतानि नामानि लक्ष्मी संपूज्य यः पठेत। स्थिरा लक्ष्मीर्भवेत्तस्य पुत्रदारादिभिस्सह।।

इस स्तोत्र में देवी लक्ष्मी के 12 नाम बताए गए हैं। ईश्वरी, कमला, लक्ष्मी, चला, भूति, हरिप्रिया, पद्मा, पद्मालया, संपद्, रमा, श्री, पद्मधारिणी। शुक्रवार के दिन सुबह जल्दी उठकर देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु की साथ में पूजा करें और कमल का फूल अर्पित करें। इसके साथ ही एकाक्षी नारियल अर्पित करें। इस उपाय को करने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। मां लक्ष्मी को सफेद रंग की चीजें बहुत प्रिय हैं। इनका शुक्रवार को दान करने से मां लक्ष्मी की असीम कृपा प्राप्त होती है।

सफेद चीजें दान करें जैसे- दूध से बनी मिठाई, चीनी, दूध, आटा, चावल आदि। मां लक्ष्मी की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए काली चींटियों को चीनी या आटा खिलाएं। किसी जरूरतमंद या गरीब व्यक्ति की मदद करें। शुक्रवार की शाम मां लक्ष्मी को 16 श्रृंगार का सामान अर्पित करें। श्री लक्ष्मी सूक्त का पाठ करें। इस उपाय को करने से धन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है साथ ही वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहती हैं।

## किस उम्र के बच्चे को कितने घंटे की नींद जरूरी?



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए दिनचर्या और आहार दोनों को ठीक रखना तो जरूरी है ही, इसके साथ ही जरूरी है रोजाना रात में पर्याप्त नींद लेना। शोध बताते हैं कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उनमें कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए रात में अच्छी नींद जरूरी है।

अध्ययन बताते हैं कि वयस्कों के लिए रोजाना रात में 6-8 घंटे नींद बहुत जरूरी है। एक दिन भी अगर आपकी नींद पूरी नहीं होती है तो इसका सेहत पर नकारात्मक असर हो सकता है। वयस्कों की ही तरह से बच्चों के लिए भी रात में पर्याप्त नींद जरूरी है, ये उनके शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के विकास के लिए आवश्यक है।

क्या आपका बच्चा देर रात तक जागता है या दिन में भी थका-थका दिखता है? तो यह संकेत हो सकता है कि उसे पर्याप्त नींद नहीं मिल रही। बच्चों के विकास में नींद की भूमिका उतनी ही अहम है जितनी पोषण और पढ़ाई की।

आइए जानते हैं कि किस उम्र में बच्चों को कितनी नींद की जरूरत होती है?

**बच्चों की अच्छी सेहत के लिए अच्छी नींद जरूरी:** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माता-पिता सुनिश्चित करें कि आपके बच्चों को पर्याप्त नींद मिल रही है। नवजात से लेकर किशोरों तक सभी के लिए ये आवश्यक है। नींद के दौरान शरीर ग्रोथ हार्मोन्स बनाता है, जो हड्डियों, मांसपेशियों और ऊंचाई बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके अलावा अच्छी नींद दिमाग को दिनभर सीखी बातों को समझने और याद रखने में मदद करती है।

कुछ शोध ये भी बताते हैं कि पर्याप्त नींद लेने वाले बच्चे कम चिड़चिड़े होते हैं और भावनाएं बेहतर तरीके से संभालते हैं।

### नींद पूरी न होने के कई दुष्प्रभाव

जिन बच्चों की नींद पूरी नहीं होती है उनमें कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बना रहता है। अगर बच्चे पर्याप्त नींद नहीं ले रहे हैं तो उनका विकास प्रभावित हो सकता है। ग्रोथ हार्मोन की कमी से बच्चे का शारीरिक विकास प्रभावित हो जाता है। इतना ही नहीं आगे चलकर उसकी याददाश्त कमजोर हो सकती है और पढ़ने में ध्यान केंद्रित करना मुश्किल होता है।

समय रहते निरंतर करवाते रहें जरूरी जांच

# युवाओं में तेजी के साथ बढ़ रहा हृदय रोग का खतरा लापरवाही बरतने से आपकी जान भी जा सकती है

हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है, और दिल के दौरे इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वास्तव में, हर साल लाखों लोगों को दिल का दौरा पड़ता है, उनमें से कई बिना किसी पूर्व चेतावनी के। जबकि कुछ दिल के दौरे स्पष्ट लक्षणों के साथ आते हैं, अन्य सूक्ष्म और आसानी से अनदेखा किए जा सकते हैं। दिल के दौरे के चेतावनी संकेतों को समझने से आपको समय पर चिकित्सा सहायता लेने में मदद मिल सकती है, जो संभावित रूप से आपके जीवन को बचा सकता है।



## दिल के दौरे के सामान्य चेतावनी संकेत

**सीने में दर्द या बेचैनी:** सीने में दर्द दिल के दौरे का सबसे जाना-माना लक्षण है, लेकिन इसकी तीव्रता अलग-अलग हो सकती है। दर्द आपके सीने में भारी दबाव, निचोड़ या जकड़न जैसा महसूस हो सकता है। कुछ लोग इसे भरा हुआ महसूस होने के रूप में वर्णित करते हैं, जैसे कि कोई हाथी उनकी छाती पर बैठा हो। दूसरों को तेज या चुभने वाला दर्द हो सकता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सीने में दर्द हमेशा गंभीर नहीं हो सकता है, और कुछ लोगों को तीव्र दर्द के बजाय हल्का असुविधा या दबाव हो सकता है।

**सांस की तकलीफ:** एक और आम लक्षण सांस की तकलीफ़ है, जो सीने में दर्द के साथ या उसके बिना भी हो सकता है। अगर आपको आराम करते समय या हल्की-फुल्की गतिविधियाँ करते समय भी सांस फूलने जैसा महसूस होता है, तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि आपका दिल रुकावट के कारण रक्त को प्रभावी ढंग से पंप नहीं कर रहा है। अगर यह अचानक होता है, खासकर सीने में तकलीफ़ के साथ, तो तुरंत चिकित्सा सहायता लेना ज़रूरी है।

**शरीर के ऊपरी हिस्से में दर्द:** दिल का दौरा हमेशा छाती में दर्द के रूप में ही नहीं होता। कभी-कभी, दर्द बाहों, कंधों, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है। यही कारण है कि कई लोगों को पहले पता ही नहीं चलता कि उन्हें दिल का दौरा पड़ रहा है। दर्द छाती में शुरू हो सकता है और धीरे-धीरे ऊपरी शरीर के अन्य क्षेत्रों में फैल सकता है। अगर आपको इन क्षेत्रों में कोई अस्पष्ट असुविधा महसूस होती है, खासकर अगर यह सीने में दर्द या सांस की तकलीफ से जुड़ी है, तो इसे अनदेखा न करें।

**मतली और चक्कर आना:** कुछ लोगों को दिल के दौरे के दौरान मतली, चक्कर आना या बेहोशी का अनुभव होता है। यह महिलाओं में विशेष रूप से आम हो सकता है। मतली पेट में गड़बड़ी की तरह महसूस हो सकती है, और आपको ऐसा महसूस हो सकता है कि आपको उल्टी करने की ज़रूरत है। मतली के साथ-साथ, चक्कर आना।

## एक्सपर्ट व्यू

- डॉ. असलम खान, इन्टरवेन्शन कार्डियोलॉजिस्ट



**सवाल : कोई जिम में कसरत करते हुए चल बसा तो कोई शादी में नाचते समय. किसी को खेल मैदान में दिल का दौरा पड़ गया. ये सभी युवा थे. लोगों ने कहा कि अचानक दिल का दौरा पड़ा. आपका इस संबंध में क्या कहना है ?**

**जवाब:** पहली बात तो यह है कि अधिकांश युवा यह मानकर चलते हैं कि उनकी लाइफ स्टाइल अच्छी है इसलिए उन्हें हृदय की समस्या नहीं होगी. सीने में भारीपन, असहजता, सांस का फूलना, सीने में दर्द और जलन को वो एसिडिटी समझ कर खुद ही इलाज कर लेते हैं. इसलिए कोई भी लक्षण दिखे तो एक बार इसीजी करवाकर निश्चिंत हो लेना चाहिए. युवाओं में हार्ट अटैक के अलावा पल्मोनरी एम्बोलिज्म ( फेफड़े की धमनी में क्लॉट) की समस्या भी देखी जा रही है।

**सवाल : क्या युवाओं में दिल का दौरा ज्यादा घातक होता है ?**

**जवाब:** ऐसा नहीं है. युवाओं में किसी भी प्रकार की व्याधि से जूझने की ज्यादा क्षमता होती है. यह हो सकता है कि जागरूकता के अभाव में रोगी खुद या उसके साथी उसे अस्पताल ले जाने में देर कर दें और यही देरी मृत्यु का कारण बन जाए. ऐसे भी वीडियो सामने आए हैं जिसमें जिम कोई अचेत होकर गिर जाता है और लोग उसे उठाकर पानी पिलाने की कोशिश करते हैं. इससे रोगी की जान बचाने के लिए महत्वपूर्ण आरंभिक वक्त बेकार चला जाता है और रोगी की मृत्यु हो जाती है।

**सवाल : अचानक दौरा पड़ने और मरीज की मृत्यु हो जाने की क्या वजहें हैं ?**

**जवाब:** इसे हम सडन डेथ कह सकते हैं. मुख्य कारण तो दिल का दौरा ही होता है पर इसके और भी कारण हो सकते हैं. कुछ रोग वंशानुगत होते हैं. इनमें हाइपरट्रॉफ़िक कार्डियोमायोपैथी एक ऐसा विकार है जिसमें हृदय के निचले कक्षों की दीवारें मोटी और सख्त हो जाती हैं. इसी तरह एरिथमोजेनिक राइट वेंट्रीकुलर कार्डियोमायोपैथी हो सकती है जिसमें हृदय में फैट और स्कार टिशूज बढ़ कर सडन डेथ का कारण बन सकते हैं. इसके अलावा एनामेलस कोरोनरी आर्टरीज भी इसका कारण हो सकती है. इसके अलावा इलेक्ट्रोलाइट डिस्टरबेंस हो सकते हैं. पल्मोनरी एम्बोलिज्म के चलते भी रोगी की अचानक से मौत हो सकती है।

**सवाल : हृदय रोग के प्रारंभिक लक्षण क्या होते हैं ?**

**जवाब:** सांस का फूलना, कमजोरी महसूस होना, सीने में दर्द या जलन जैसी कोई भी मामूली लगने वाला लक्षण हृदय रोग हो सकता है. ऐसे मामलों में हृदय रोग विशेषज्ञ के पास जाकर एक ईसीजी अवश्य कराना चाहिए. नवजात शिशुओं में तथा छोटे बच्चों में भी हृदय विकार हो सकते हैं. नवजात शिशुओं का शरीर नीला पड़ जाना, दूध पीते समय पसीना से तर-बतर हो जाना, खेलने कूदने के साथ सांस फूल जाना , जल्दी थक जाना और सीने में दबाव महसूस करना भी हृदय रोग के लक्षण हो सकते हैं।

**सवाल : क्या दवाइयों के कारण भी हृदय संबंधी समस्या हो सकती है ?**

**जवाब:** किसी अन्य रोग के लिए दी जा रही कोई दवा भी दिल के कामकाज में दखलअन्दाज़ी कर सकती है. रक्त में पोटेशियम का लेवल बढ़ जाने से भी धड़कनों की रफ्तार कम हो सकती है. इसी तरह बीटा ब्लॉकर दवाओं के कारण भी हार्ट-रेट गिर सकता है. इसे समझकर केवल दवाइयों के फेरबदल से ही समस्या हल की जा सकती है.


**सवाल :** हृदय रोगियों के लिए मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल कैसे सहायक सिद्ध हो सकता है?

**जवाब:** दिल की बीमारी अपने साथ और भी जटिलताएं लेकर आ सकती हैं. कभी-कभी तो हार्ट प्रॉब्लम किसी और समस्या के लक्षण के रूप में भी सामने आता है. यदि कार्डियोलॉजी के साथ ही न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलोजी जैसे विभाग भी एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों तो वहां हृदय रोगों का प्रबंधन बेहतर ढंग से हो सकता है।

**अपने हृदय के प्रति रहें सचेत**

अपनी जीवन शैली में सुधार करें। सीने में दर्द, जलन की जांच करवाएंतकलीफ होने पर ईसीजी अवश्य करवाएं। अचेत होने पर जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाएं। जांच में देरी बन सकती है मृत्यु का कारण।साल-छह महीने में अपनी जांच करवाएं।

## इन फलों को भूलकर भी न रखें फ्रिज में स्वाद और पोषण दोनों हो सकता है प्रभावित



फल और सब्जियां सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं और इनका सेवन किसी भी रूप में किया जा सकता है। इनका सेवन कच्चा, सलाद, जूस और स्मूदी के रूप में किया जा सकता है। हालांकि, कई लोग फल को लंबे समय तक ताजा बनाए रखने के लिए फ्रिज में रख देते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे फल के बारे में बताते हैं, जिन्हें फ्रिज में नहीं रखना चाहिए।

**केले:** केले एक ऐसा फल है, जिसे ठंडे तापमान में रखने से बचना चाहिए। केले को फ्रिज में रखने से इसका स्वाद बिगड़ सकता है और पोषक तत्व कम हो सकते हैं। इसके अलावा ठंड के कारण केले के छिलके पर काले धब्बे पड़ जाते हैं। ये धब्बे हानिकारक नहीं होते, लेकिन केले की ताजगी खराब कर सकते हैं और खाने की इच्छा कम कर सकते हैं। बेहतर होगा कि आप केले को किसी कमरे के तापमान वाले स्थान पर रखें।

**तरबूज:** तरबूज को भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। ठंडा तापमान तरबूज की मिठास को कम कर सकता है और इसका स्वाद बिगड़ सकता है।

इसके अलावा ठंड के कारण तरबूज के गूदे में दरारें पड़ जाती हैं, जिससे उसका रस निकलने लगता है और यह जल्दी खराब हो सकता है। तरबूज को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए इसे किसी ठंडी जगह पर रखें ताकि इसका स्वाद और पोषण बरकरार रहे।

**पपीता:** पपीता को भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। ठंडा करने से पपीते का स्वाद बिगड़ सकता है और यह जल्दी खराब हो सकता है। पपीते में मौजूद तत्व भी ठंड के कारण प्रभावित होते हैं, जिससे उसका स्वाद बिगड़ सकता है। इसके अलावा पपीते को फ्रिज में रखने से इसके पोषक तत्व भी कम हो सकते हैं इसलिए पपीते को किसी कमरे के तापमान वाले स्थान पर रखें।

**लीची:** अगर लीची को फ्रिज में रखा जाए तो इसके कारण लीची का स्वाद और ताजगी दोनों ही बिगड़ जाते हैं। इसके अलावा लीची को फ्रिज में रखने से इसके पोषक तत्व भी कम हो सकते हैं। अगर आप लीची को लंबे समय तक ताजा, स्वादिष्ट और पौष्टिक रखना चाहते हैं तो इसे फ्रिज में रखने की बजाय किसी कमरे के तापमान वाले स्थान पर रखें।

**आम:** आम को भी ठंडे स्थान पर नहीं रखना चाहिए। ठंडा तापमान आम का स्वाद कम कर सकता है और यह जल्दी खराब हो सकता है।इसके अलावा ठंड के कारण आम के गूदे में दरारें पड़ जाती हैं, जिससे उसका रस निकलने लगता है और वह जल्दी सड़ सकता है।आम को लंबे समय तक ताजा बनाए रखने के लिए इसे घर की किसी ठंडी जगह पर रखें।

## मानसून एलर्जी के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं ये घरेलू नुस्खे



मानसून का मौसम एलर्जी से ग्रस्त लोगों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है क्योंकि इस दौरान वातावरण में नमी बढ़ जाती है और इस वजह से फफूंद और बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। ये फफूंद और बैक्टीरिया नाक, गले और फेफड़ों में सूजन पैदा कर सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मानसून एलर्जी के प्रभाव को कम कर सकते हैं।

### अदरक का करें सेवन

अदरक में सूजन कम करने वाले और कीटाणुनाशक गुण होते हैं, जो मानसून की एलर्जी से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए रोजाना सुबह खाली पेट एक कप अदरक की चाय पिएं। आप चाहें तो अदरक के टुकड़ों को शहद में डुबोकर भी खा सकते हैं।इसके अलावा आप सूप या सब्जी में अदरक डालकर भी खा सकते हैं। अदरक के सेवन से शरीर में गर्माहट भी बनी रहती है।

### हल्दी का इस्तेमाल करें

हल्दी में शरीर की सफाई करने वाले और सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो मानसून एलर्जी के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक गिलास गर्म दूध में आधी चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर पीएं। इसके अलावा आप चाहें तो एक गिलास गर्म पानी में आधी चम्मच हल्दी मिलाकर भी पी सकते हैं। हल्दी का सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है।

### लहसुन का करें सेवन

लहसुन में सूजन कम करने वाले और कीटाणुनाशक गुण होते हैं, जो मानसून एलर्जी से राहत दिलाने में सहायक हो सकते हैं। लाभ के लिए 2-3 लहसुन की कलियों को छीलकर उन्हें कुछ मिनट पानी में भिगो दें।

## इंडो-वेस्टर्न स्टाइल आउटफिट्स पहनें तो खूबसूरती के लिए अपनाएं फैशन



आजकल कई महिलाएं इंडो-वेस्टर्न स्टाइल को अपनाकर अपने लुक को खास बना रही हैं। इस स्टाइल में पारंपरिक भारतीय और पश्चिमी फैशन का मेल होता है, जिससे एक अनोखा लुक बनता है। सही एक्सेसरीज का चयन करना इस स्टाइल का एक अहम हिस्सा है। सही एक्सेसरीज न केवल आपके लुक को पूरा करती हैं बल्कि आपको और भी स्टाइलिश बनाती हैं।आइए जानते हैं कि इंडो-वेस्टर्न स्टाइल में कौन-कौन सी एक्सेसरीज पहननी चाहिए।

**झुमके:** झुमके हर प्रकार के इंडो-वेस्टर्न कपड़ों के साथ अच्छे लगते हैं। ये न केवल आपके चेहरे को अनुकूल बनाते हैं बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बनाते हैं। आप बड़े या छोटे झुमके दोनों ही चुन सकती हैं, बस ध्यान रखें कि आपके कपड़ों के साथ मेल खाएं। अगर आपका पहनावा हल्का है तो बड़े झुमके अच्छे लगेंगे, वहीं भारी कढ़ाई वाले कपड़ों के साथ छोटे झुमके बेहतर दिखेंगे।

**चूड़ियां:** चूड़ियां इंडो-वेस्टर्न स्टाइल में एक अहम भूमिका निभाती हैं। आप पारंपरिक कांच की चूड़ियों का चयन कर सकती हैं।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्रैट पिट ने खतरनाक स्टंट और स्पीड थ्रिल से उड़ाए होश



ब्रैड पिट की मच अवेटेड फिल्म एफ1 काफी समय से चर्चा में बनी हुई है और फैंस को इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। एफ1 का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही इसके लिए क्रेज काफी बढ़ गया। यह फिल्म भारत में 25 जून को रिलीज होगी, जबकि अमेरिका में 27 जून को। इसी बीच एफ1 का पहला रिव्यू आ गया है। दरअसल, इस फिल्म को 16 जून को न्यूयॉर्क में प्रीमियर किया गया था, और उसके बाद 'रॉटन टमेटोज़' ने इसका रिव्यू रिलीज बताया है। फिल्मों और टीवी शोज की रेटिंग और रिव्यूज बताने वाली साइट रॉटन टोमाटोज के मुताबिक, ब्रैड पिट की एफ 1 को 85% स्कोर मिला है है। जबकि इससे पिछली ब्रैड पिट की फिल्म 'वोलव्स' को 67% स्कोर मिला था। लेकिन एफ 1 को क्रिटिक्स से भी काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है, और वो फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। क्रिटिक्स के मुताबिक, एफ 1 एक ऐसी फिल्म है, जो दर्शकों की थिएटर्स तक खींचने में कामयाब होगी। उन्होंने इसकी तुलना टॉम क्रूज स्टारर 'टॉप गनः मेवरिक' से भी की। 'टॉप गनः मेवरिक' और एफ1 को डायरेक्टर जोसेफ कोसिंस्की ने ही डायरेक्ट किया है। दोनों ही फिल्मों में धुआंधार और खतनाक एक्शन-स्टंट सीन्स हैं। फिल्म क्रिटिक जेक कोयल ने लिखा, 'एक बेहतरीन मूवी, जिसमें सबसे रोमांचक रेसिंग सीन्स हैं और हाई स्पीड है, जो इसे और ग्रैंड बनाती है।' एम्पायर मैगजीन की सोफी बुचर ने जोसेफ कोसिंस्की बधाई देते हुए लिखा, जोसेफ कोसिंस्की ने फिर कर दिखाया। एक और क्रिटिक ने लिखा है, यह हर तरह से बेहतरीन है।

### टॉलीवुड

## यश ने प्रेग्नेंट कियारा के लिए शूटिंग शेड्यूल को मुंबई में किया शिफ्ट




यश और कियारा आडवाणी अगली फिल्म 'टॉक्सिक' में साथ नजर आ रहे हैं। इस वक्त इसी फिल्म की शूटिंग को लेकर यश चर्चा में हैं। दरअसल, यश ने अपनी फिल्म की को-स्टार और प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी का ध्यान रखते हुए एक बड़ा कदम उठाया है और एक्टर के इसी जेस्चर की जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है और खबर है कि शूटिंग की जगह बदल दी गई है। यश ने एक बार फिर अपने ऑफ-स्क्रीन जेस्चर से लोगों का दिल जीत लिया है। हाल ही खबर आई कि एक्टर ने कथित तौर पर शूटिंग शेड्यूल को मुंबई में शिफ्ट किया है, ताकि उनकी को-स्टार कियारा आडवाणी की सहूलियत हो जो इस वक्त प्रेग्नेंट हैं। '123 तेलुगु' ने बताया कि यश ने अपनी फिल्म 'टॉक्सिक' के डायरेक्टर गीतू मोहनदास और प्रोड्यूसर वेंकट के नारायण से शूटिंग की सारी फॉर्मैलिटीज़ बेंगलुरु से मुंबई शिफ्ट करने को कहा था। जाहिर है, यश ने भी प्रड्यूसर्स के साथ सहयोग किया और इसे मुंबई में शिफ्ट किया जिससे फिल्म के निर्माताओं की पैसे भी खर्च होने से काफी हद तक बचे। वहीं, कियारा की बात करें तो उन्होंने और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने मार्च में एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की खबर अनाउंस की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट पोस्ट शेयर कर लिखा था, हमारे जीवन का सबसे बड़ा गिफ्ट जल्द ही आ रहा है। ध्यान दें, यश साल 2022 की ब्लॉकबस्टर 'केजीएफ2' के बाद किसी भी फिल्म में नहीं दिखे हैं। मार्च में, 'रॉकिंग स्टार' ने अपनी फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज़ की तारीख की घोषणा की। उन्होंने अपने फैन्स को फिल्म का एक नया पोस्टर भी दिखाया। यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च, 2026 को रिलीज़ होने वाली है।

### भोजपुरी

## 'सास बहू की पाठशाला' का ट्रेलर देख फैंस हुए मुरीद




भोजपुरी फिल्मों की स्टार अंजना सिंह की नई फिल्म 'सास बहू की पाठशाला' का ट्रेलर हाल ही रिलीज हुआ, और रिलीज होते ही छा गया है। एक दिन के अंदर इसे डेढ़ लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है और भोजपुरी सिनेप्रेमी तारीफ कर रहे हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें ऐसे ट्विस्ट देखने को मिलेंगे कि हंसी से लोटपोट हो जाएंगे। 'सास बहू की पाठशाला' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि गांव में सास और बहू की अलग-अलग पाठशालाएं चलती हैं। इसमें गांव की सभी महिलाएं आती हैं। जहां बहू अपनी सास को सबक सिखाने की कोशिश करती है, वहीं सास अपनी बहू को। लेकिन मजा तब आता है, जब गांव की ही एक देवरानी और जेठानी की जोड़ी इस सास बहू की पाठशाला में जाती हैं। जहां जेठानी, सास वाली पाठशाला में चली जाती है, वहीं देवरानी जाती है बहू वाली पाठशाला में। इन दोनों के पतियों यानी भाइयों के बीच भी नहीं पटती। इसी वजह से घर में हमेशा महाभारत छिड़ी रहती है और खूब लड़ाई होती है। तब घर में अंजना सिंह छोटी बहू बनकर आती है और इस कलह को खत्म करने का फैसला लेती है। इस दौरान क्या कुछ होता है, वह देखना मजेदार होगा। 'सास बहू की पाठशाला' का ट्रेलर देख भोजपुरी सिनेमा लवर्स फिदा हो गए हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'वाह, गर्दा उड़ा दिया।' एक बोला, 'बहुत ही हंसाने वाली फिल्म होगी।' एक ने लिखा, 'बहुत ही बढ़िया। इस फिल्म का मुझे बेसब्री से इंतजार है।'

लाइफ स्टाइल



## जाह्नवी की तरह ब्रालेट को करें पेयर

जाह्नवी कपूर इन दिनों लंदन में हैं। हाल ही में उन्होंने वहां एक स्टोर की ओपनिंग की और कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की। इस तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लू कलर की निटिड यानी बुनी हुई मिडी ड्रेस में दिख रही हैं। इस वी नेकलाइन की बॉडीकॉन ड्रेस के साथ उन्होंने मटैलिक सी ग्रीन कलर की ब्रालेट को पेयर किया। आप भी डीप नेक या ओपन बटन मिडी ड्रेस के साथ इसे स्टाइल कर सकते हैं।

## सिर्फ 5 रुपए की इस चीज से पसीने की बदबू होगी छूमंतर, स्किन भी करेगी शाइन

अगर आप चाहते हैं कि शरीर से पसीना कम आए और पसीने की बदबू भी कंट्रोल में रहे। तो इसके लिए आप नींबू का इस्तेमाल कर सकती हैं। नींबू एरोमैटिक होता है और इसकी महक काफी डॉमिनेटिंग होती है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि नींबू का कैसे इस्तेमाल करना है। नींबू एरोमैटिक होता है और इसकी महक काफी डॉमिनेटिंग होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि नींबू का कैसे इस्तेमाल करना है। जिससे शरीर की गंध को कम किया जा सके।



### नींबू का जेल

बता दें कि घर पर नींबू का जेल तैयार करना बहुत आसान है। नींबू का जेल तैयार करने के लिए आपको बस मुट्ठीभर नींबू के छिलकों की जरूरत होगी।

### सामग्री

नींबू के छिलके- 20 से 25। गुलाब जल- 1 बड़ा चम्मच। विटामिन-ई कैप्सूल- 1।

### विधि

सबसे पहले एक बाउल में पानी लें और उसमें नींबू का छिलका डालें। इसको तब तक उबालें, जब तक नींबू के छिलके जेल जैसे न लगने लगें। अब इस मिश्रण में विटामिन ई कैप्सूल और गुलाबजल डालें। फिर इसको एक शीशी में भरें। वहीं जब आप नहाने जाएं, तो इससे पहले 1 घंटे पहले इस मिश्रण को शरीर के उन हिस्सों पर लगाएं, जहां पर सबसे ज्यादा पसीना आता है। फिर थोड़ी देर बाद पानी से नहा लें। अगर आप रोजाना ऐसा करती हैं, तो कुछ ही दिनों में आपको रिजल्ट्स देखने को मिलेंगे।

### नहाने के पानी में डालें नींबू का रस

नींबू के रस को पानी में डालकर रोजाना नहाने से आपको शरीर से निकलने वाला एक्स्ट्रा ऑयल कंट्रोल होगा। साथ ही इससे शरीर से आने वाली बदबू भी दूर होगी। इससे आपकी स्किन में ग्लो आएगा और स्किन शाइन करेगी। इस बात का ध्यान रखें कि अगर आपकी बॉडी में किसी तरह का इंफेक्शन है, या फिर किसी तरह का शरीर का घाव है, तो आपको नींबू का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे आपके शरीर में छरछराहट भी होती है।

## पुरानी साड़ियों को फेंकें नहीं, पोल्का डॉट साड़ी से बनाएं खूबसूरत ड्रेस





आपके पास भी इस तरह की पोल्का डॉट साड़ी हैं और अब इन साड़ियों को आप नहीं पहनती हैं। तो आप इन साड़ियों के इस्तेमाल से डिजाइनर ड्रेस तैयार कर सकती हैं। ऐसे में आप इन ड्रेसेज को पहनकर काफी खूबसूरत लगेंगी। आजकल पोल्का डॉट साड़ी काफी चलन में हैं। ऐसे में ज्यादातर महिलाओं के पास यह साड़ी देखने को मिल जाएगी। हालांकि दो-तीन बार एक साड़ी को पहनने के बाद ज्यादातर महिलाएं इन्हें किसी और को दे देती हैं या फिर उस साड़ी को फेंक देती हैं। ऐसे में आपके पास भी इस तरह की पोल्का डॉट साड़ी हैं और अब इन साड़ियों को आप नहीं पहनती हैं। तो आप इन साड़ियों के इस्तेमाल से डिजाइनर ड्रेस तैयार कर सकती हैं। ऐसे में आप इन ड्रेसेज को पहनकर काफी खूबसूरत लगेंगी। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पोल्का साड़ी से बनने वाली ड्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं।

### पोल्का डॉट वन शोल्डर मिडी ड्रेस

अगर आपके पास ब्लैक एंड व्हाइट कलर की पोल्का डॉट साड़ी है। तो इसका इस्तेमाल करके पोल्का डॉट वन शोल्डर मिडी ड्रेस तैयार कर सकती हैं। इस ड्रेस के साथ मेकअप, एक्सेसरीज और हील्स भी शामिल कर सकती हैं। इस ड्रेस को पहनकर आपका लुक गॉर्जियस लगेगा।

### प्रिंटेड फिट एंड फ्लायर ड्रेस

आप किसी भी पोल्का डॉट साड़ी के इस्तेमाल से प्रिंटेड फिट एंड फ्लायर ड्रेस बना सकती हैं। इस ड्रेस को आप किसी भी फंक्शन में भी जा सकती हैं। आप टेलर की मदद से या खुद से इसको अपनी साइज के हिसाब से बनवा सकती हैं। वहीं मेकअप और हेयर स्टाइल से अपने लुक की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।

### नेवी ब्लू पोल्का डॉट प्रिंटेड ड्रेस

अगर आप भी भीड़ से हटकर नजर आना चाहती हैं तो आप पोल्का डॉट साड़ी का इस्तेमाल कर नेवी ब्लू पोल्का डॉट प्रिंटेड ड्रेस तैयार करवा सकती हैं। यह आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। वहीं आप चाहें तो इस ड्रेस को घर पर भी तैयार कर सकती हैं।

## खूबसूरती के लिए जरूरी है अट्रैक्टिव हेयर स्टाइल

हम सभी को ट्रेंडी हेयर स्टाइल बनाना पसंद होती है। जिसके लिए हम अक्सर पार्लर जाकर हेयर स्टाइल करवाते हैं। तो वहीं कई बार वीडियो देखकर हेयर स्टाइल क्रिएट करते हैं। लेकिन खुले बालों में किस तरह की एक्सेसरीज लगाना चाहिए, यह समझ नहीं आता है। ऐसे में आप अपने हेयर स्टाइल को अट्रैक्टिव बनाने के लिए हेयर बैंड बना सकती हैं। वहीं आपको हेयर बैंड अलग-अलग डिजाइन में मिल जाएंगे। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हेयर बैंड डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।



### स्टोन वर्क हेयर बैंड

बालों में लगाने के लिए आप स्टोन वर्क वाले हेयर बैंड ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के हेयर बैंड लगाने से हेयर स्टाइल काफी अच्छा लगता है। वहीं आपका हेयर लुक भी अच्छा लगेगा। आप खुले बालों में इस तरह के हेयर बैंड को लगाएं। फिर पीछे के बालों को कर्ल करें। इससे आपका हेयर स्टाइल काफी अच्छा लगेगा। मार्केट में आपको इस तरह का हेयर बैंड 40 से 100 रुपए के बीच में मिल जाएगा।

### चौड़े और चमकीले हेयर बैंड

अगर आप भी अपने हेयर स्टाइल को अच्छा बनाना चाहते हैं तो आप इस तरह के हेयर बैंड ट्राई कर सकती हैं। इससे भी आपका हेयर स्टाइल अच्छा लगेगा। इस तरह के हेयर बैंड में आपको वाइयर डिजाइन मिलेंगे। इसमें आपका ओपन हेयर स्टाइल काफी अच्छा लगेगा। मार्केट में आपको इस तरह की हेयर एक्सेसरीज 30 से 50 रुपए में मिलेंगे।

अपनी हेयर स्टाइल को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप वर्क वाले हेयर बैंड का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## त्यौहारों में पैरों के लिए परफेक्ट हैं ये मेहंदी डिजाइंस, हर कोई कह उठेगा वाह

पैरों की मेहंदी पर भी उतनी ही मेहनत करनी पड़ती है, जितनी की हाथों की मेहंदी पर होती है। लेकिन जब पैरों की मेहंदी लगाने की बारी आती है, तो यह समझ नहीं आता है कि ऐसी कौन सी मेहंदी डिजाइन लगाई जाए, जिससे कम समय में पैरों को खूबसूरत डिजाइन से भरा जा सके। हाथों के अलावा नई नवेली के पैरों की मेहंदी डिजाइन पर भी लोगों की निगाहें टिकी रहती हैं। पैरों की मेहंदी पर भी उतनी ही मेहनत करनी पड़ती है, जितनी की हाथों की मेहंदी पर होती है। लेकिन जब पैरों की मेहंदी लगाने की बारी आती है, तो यह समझ नहीं आता है कि ऐसी कौन सी मेहंदी डिजाइन लगाई जाए, जिससे कम समय में पैरों को

### मोर वाली मेहंदी डिजाइन



आप हाथों के साथ पैरों पर भी मोर डिजाइंस बना सकती हैं। अगर आपके पैर लंबे हैं, तो आप बड़े-बड़े मोर की डिजाइन बनानी चाहिए। वहीं अगर आपके पैर छोटे हैं, तो आप पतले और पंख फैलाए मोर की आकृति भी बना सकती हैं। मोर के अलावा आप पैरों में बगीचे का भी डिजाइन बना सकती हैं।

### जाल मेहंदी डिजाइन

जाल मेहंदी डिजाइन लगाने में आसान होने के साथ काफी खूबसूरत भी लगती है। कम समय में इस डिजाइन से आपके पैर इतने भर जाएंगे कि आपको दूसरी डिजाइन के बारे में सोचना भी नहीं पड़ेगा। जाल मेहंदी डिजाइन में आपको बहुत सारे पैटर्न मिल जाएंगे। आप बॉर्डर, फूलों, ब्लॉक्स और बेल आदि की डिजाइन बना सकती हैं। वहीं जाल को भरने के लिए अलग तरह की डिजाइस के एलिमेंट्स का भी प्रयोग कर सकती हैं। अगर आपने पंजे को जाल वाली डिजाइन से भर दिया है, तो आप ऊपर की ओर मेहराब, चक्र और बॉर्डर डिजाइंस लगा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### आज की हर युवती की पहली पसंद है यह ड्रेस

## जींस के साथ स्टाइल करें बांधनी शॉर्ट कुर्ती स्टाइलिश दिखने के साथ लगेंगी खूबसूरत

कुर्ती पहनना लगभग हर लड़की को पसंद होता है। जिसके लिए वह अक्सर अलग-अलग डिजाइन और पैटर्न वाली कुर्तियां पहनती हैं। लेकिन जब भी जींस के साथ कुर्ती पहनने की बात होती है, तो अक्सर प्रिंटेड डिजाइन वाली कुर्ती तलाश करते हैं। ऐसे में आप जींस के साथ बांधनी प्रिंट वाली कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती पहनने से आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह के प्रिंट वाली बांधनी प्रिंट को ट्राई कर सकती हैं।

### गोटा वर्क वाली बांधनी प्रिंट कुर्ती

अगर आप भी अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो आपको गोटा वर्क वाली बांधनी प्रिंट कुर्ती कैरी करनी चाहिए। गोटा वर्क वाली बांधनी प्रिंट कुर्ती में आपको नेकलाइन पर गोटा वर्क मिलेगा और स्लीव्स पर भी बॉर्डर मिलेगा। मार्केट में इस तरह की कुर्ती 300-800 रुपए तक मिल जाएगी।



### प्लेन डिजाइन वाली बांधनी कुर्ती

यदि आप भी शॉर्ट कुर्ती पहनने के लिए प्रिंट सर्च कर रही हैं, तो आपको प्लेन डिजाइन वाली बांधनी कुर्ती स्टाइल करनी चाहिए। यह कुर्ती पहनने के बाद काफी अच्छी लगेगी। हालांकि इसमें आपको किसी तरह का वर्क नहीं मिलेगा। इसमें आपको वी नेकलाइन और प्रिंटेड डिजाइन मिलेगा। इससे आपका लुक बहुत प्यारा आएगा। मार्केट में यह कुर्ती 200-400 रुपए के बीच मिल जाएगी।



### स्ट्रैपलेस वाली बांधनी कुर्ती

आप चाहें तो स्ट्रैपलेस वाली बांधनी कुर्ती भी ट्राई कर सकती हैं। यह कुर्ती पहनने के बाद काफी अच्छी लगेगी। इस तरह की कुर्ती में आपको बड़े प्रिंट वाला डिजाइन मिलेगी। आपको मार्केट में इस तरह की कुर्ती 300-500 रुपए के बीच में आसानी से मिल जाएगी।

### बांधनी प्रिंट वाली अनारकली कुर्ती

आप बांधनी प्रिंट वाले अनारकली सूट को जींस के साथ पेयर कर सकती हैं। यह अनारकली कुर्ती पहनने के बाद काफी अच्छी लगती है। इसमें आपको पूरे में बांधनी प्रिंट मिलेगा। हालांकि इसमें आपको ज्यादा ऑप्शन नहीं मिलेंगे। लेकिन मार्केट में आपको 200-500 रुपए के बीच में बांधनी प्रिंट वाली अनारकली कुर्ती मिल जाएगी। इससे आपका लुक बेहद प्यारा लगेगा।